रोहतक
शनिवार, 22 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 23
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 26.6
न्यून. 7.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**


| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,311.06 | 424.90 ▼ |
| निफ्टी | 22,795.90 | 117.25 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी/मंदी |
|---|---|---|
| सोना | 88,750 /- | 700/- ▼ |
| चांदी | 1,00,000/- | 300/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | तेजी |
|---|---|---|
| रुपया | 86.71 | 7 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 76.16/ बैरल | | 0.42% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




चुनाव में यूएस फंडिंग वाले ट्रंप के बयान पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

ऐसे समय में सार्वजनिक टिप्पणी जल्दबाजी होगी

## भारत ने कहा-यूएसएड वित्तपोषण पर मिली जानकारी परेशान करने वाली

# हमारे आंतरिक मामलों में विदेशी दखल ठीक नहीं, हम जांच कर रहे

ट्रंप ने कहा था बाइडेन भारत में किसी और का चुनाव चाहते थे

कांग्रेस ने कहा, भारत में की गई 'फंडिंग' पर श्वेत पत्र लाए सरकार

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को कहा कि देश में कुछ गतिविधियों के लिए 'यूएसएड' द्वारा वित्त पोषण किए जाने के बारे में खुलासे 'बेहद परेशान करने वाले' हैं। इससे देश के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर चिंता पैदा हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे आंतरिक मामलों में विदेशी दखल ठीक नहीं है। यह बेहद परेशान करने वाला है। जायसवाल ने कहा, 'हमने अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ अमेरिकी गतिविधियों और वित्तपोषण के संबंध में दी गई जानकारी देखी है। ये स्पष्ट रूप से बहुत परेशान करने वाली हैं।' जायसवाल ने कहा, 'इससे भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंताएं पैदा हुई हैं। संबंधित अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर कोई अद्यतन जानकारी दे पाएंगे।'



### मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मिले थे जयशंकर

जायसवाल ने कहा कि इस बारे में कि क्या सार्क पर चर्चा हुई या नहीं। जब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी, तब यह मामला बांग्लादेश की ओर से विदेश मामलों की बैठक में उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां सार्क को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा था कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।

## कांग्रेस और भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप

### भाजपा माफी मांगे : रमेश



कांग्रेस ने कहा कि सच्चाई सामने आने के बाद सत्तारूढ़ दल को माफी मांगनी चाहिए। 'यूएसएड' व अन्य ऐसी विदेशी एजेंसियों द्वारा पिछले 70 वर्षों के दौरान भारत में की गई 'फंडिंग' पर श्वेत पत्र लाया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर खबर साझा करते हुए पोस्ट किया, 'झूठ सबसे पहले वाशिंगटन में बोला गया। फिर भाजपा की झूठ सेना द्वारा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया...अब झूठ का पर्दाफाश हो गया है।' क्या झूठे लोग माफी मांगेंगे?

### ये शर्म की बात : पवन खेड़ा



कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, 'एक हफ्ते से एक कहानी चलाई रही है कि यूएसएड ने नरेन्द्र मोदी सरकार को अस्थिर करने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए। अगर इतनी सुरक्षा एजेंसियों के होते हुए भी मोदी सरकार ने भारत में 2.1 करोड़ डॉलर आने दिए तो ये शर्म की बात है। वहीं, जब इस बारे में मोदी सरकार से सवाल पूछा गया तो कहने लगे- ये पैसा 2012 में संप्रग सरकार के समय आया था। ऐसे में क्या 2014 में भाजपा इसी पैसे से जीती थी?

### कांग्रेस देश विरोधी ताकतों के साथ : अमित



भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने खबर को फर्जी बताया। उन्होंने कहा, 'खबर में 2022 में बांग्लादेश को 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग की चर्चा की गई। अब स्पष्ट होता जा रहा है कि कांग्रेस-नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने भारत की संस्थाओं में उन ताकतों को प्रवेश करने की अनुमति दी, जो राष्ट्र-विरोधी हितों के लिए काम करती हैं। ये ऐसी ताकतें हैं जो हर संभव अवसर पर भारत को कमजोर करना चाहती हैं। कांग्रेस राष्ट विरोधी ताकतों के साथ काम कर रही है।

### गांधी परिवार के चाटुकार भ्रम फैला रहे : भाटिया



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि ट्रंप का बयान आने के बाद कुछ अखबारों ने इस मामले पर 'पर्दा डालना' शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि 'गांधी परिवार के चाटुकार' भ्रामक दावे करके भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 'गद्दार' बताते हुए भारत को कमजोर करने के लिए विदेशी ताकतों के साथ सांठगांठ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, राहुल की 'भारत जोड़ो यात्रा' का उद्देश्य 'भारत को तोड़ना' था।

### यह कहा था ट्रंप ने



अमेरिका के मियामी में एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 'यूएसएड' द्वारा दी गई 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता पर सवाल उठाया और कहा, 'मुझे लगता है कि वे किसी और को निर्वाचित कराने का प्रयास कर रहे थे।'

### रिपोर्ट में दावा-बांग्लादेश के लिए थी फंडिंग

एक अंग्रेजी दैनिक ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि साल 2022 में 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि बांग्लादेश के लिए थी और इसमें से 1.34 करोड़ डॉलर बांग्लादेशी छात्रों के बीच राजनीतिक और नागरिक जुड़ाव एवं 2024 के आम चुनावों से पहले की परियोजनाओं के लिए खर्च किए जा चुके हैं। यह शेख हसीना के बांग्लादेश की सत्ता से बेदखल होने से ठीक पहले हो रहा था। बांग्लादेश में चलाए गए आमार वोट आमार (मेरा वोट मेरा है) कैंपेन के लिए पैसे अलॉट किए गए थे। इसके बाद बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ। खबर में दावा किया गया है कि 'यू.एस. एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' (यूएसएड) की ओर से मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मंजूर की गई 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता भारत नहीं बल्कि बांग्लादेश के लिए थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय राजनीति में हलचल मचाने वाला यह दावा झूठा है। यह राशि भारत के लिए थी ही नहीं, जिसे ट्रंप प्रशासन के रद किया है।

## खबर संक्षेप

### सीबीआई के पूर्व डीएसपी की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने सीबीआई के एक पूर्व डीएसपी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत करीब एक करोड़ रुपये कीमत की आवासीय संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार ऋषि पर सबसे पहले उनके अपने विभाग ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। भाषा

### मेडिकल कॉलेज के 55 डॉक्टर बर्खास्त

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश सरकार ने बिना बताए छुट्टी पर गए 55 डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया है। ये सभी पिछले एक साल से ड्यूटी से गायब थे। शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने पहले 78 प्रोफेसरों और एसोसिएट प्रोफेसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। उनमें से केवल 23 ने नोटिस का जवाब दिया। बाकी बचे हुए 55 डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एजेंसी

### बीबीसी इंडिया पर 3.44 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** ईडी ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ईडी ने इसके तीन डायरेक्टर्स पर भी 1.14 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना भी लगाया है। यह आदेश भारतीय विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जारी किया गया। एजेंसी

### पाक के कटासराज के लिए 154 तीर्थयात्रियों को वीजा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान उच्चायोग ने शुक्रवार को बताया कि उसने अपने देश के पंजाब प्रांत स्थित श्री कटासराज मंदिर में दर्शन करने के लिए भारत के 154 तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किए हैं। धार्मिक स्थलों की यात्रा के संबंध में पाकिस्तान-भारत प्रोटोकॉल (1974) के तहत, प्रत्येक वर्ष भारत के हजारों तीर्थयात्री विभिन्न धार्मिक उत्सवों में शामिल होने के लिए पाकिस्तान जाते हैं। पाक उच्चायोग ने कहा, ''उसने चकवाल जिले में स्थित पवित्र श्री कटासराज मंदिर की यात्रा के लिए भारत के 154 तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किए हैं।

# कनाडा में गोल्ड की सबसे बड़ी डकैती आरोपित पनेसर के घर चंडीगढ़ में छापे

- ईडी ने 10 घंटे तक पूछताछ की और आवास खंगाला
- कई बैग में दस्तावेज भरकर साथ ले गई जांच एजेंसी
- एयर कनाडा के पूर्व मैनेजर हैं सिमरन प्रीत पनेसर
- चंडीगढ़ के सेक्टर-38 स्थित आवास पर कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कनाडा के इतिहास की सबसे बड़ी सोने की डकैती में आरोपित एयर कनाडा के पूर्व मैनेजर सिमरन प्रीत पनेसर के मोहाली में ठिकानों पर छापेमारी की। पनेसर पर कनाडा में सोने की डकैती में शामिल होने का आरोप है। ईडी ने करीब 10 घंटे तक पनेसर के घर को खंगाला और पूछताछ की। इसके बाद जांच एजेंसी कुछ बैग और दस्तावेज अपने साथ ले गई। मामले में और भी कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। बता दें कि सोने की यह डकैती अप्रैल 2023 में हुई थी, जिसमें टोरंटो के पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो कॉम्प्लेक्स से 6,600 सोने की छड़ें, जिनका वजन कुल 400 किलोग्राम था, और लगभग 2.5 मिलियन डॉलर(25 लाख डॉलर) चोरी हो गई थीं। यह घटना उस समय हुई जब ज्यूरिख से आई एक फ्लाइट से सामान उतारा जा रहा था। आरोप है कि पनेसर इस डकैती का मास्टरमाइंड था। पनेसर के खिलाफ कनाडा में वारंट पहले ही जारी किया जा चुका है। कनाडा में यह मामला .9999 शुद्ध सोने की 6,600 छड़ों की डकैती का है, जिनका वजन 400 किलो है।



### सुबह छह बजे पहुंची टीम

ईडी की टीम शुक्रवार को सुबह छह पनेसर के घर पहुंची और छापेमारी शाम चार बजे तक चली। ईडी इस दौरान बैगों में भरकर दस्तावेज व अन्य डॉक्यूमेंट ले गई। यह रेड सेक्टर-79 और चंडीगढ़ के सेक्टर-38 स्थित आवास में हुई। इसके बाद आरोपित पनेसर अपनी कार में बैठकर वहां से निकल गया। न तो एजेंसी के अधिकारियों और न ही आरोपित ने मीडिया से बातचीत की। आरोपित ने अपने चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था।

### चंडीगढ़ में एक वर्ष से रह रहा

पता चला है कि आरोपित करीब एक साल से चंडीगढ़ और मोहाली में ही रह रहा था। उसने मोहाली और चंडीगढ़ में दो जगह किराये पर मकान ले रखे थे। पजेरो कार से आना जाना करता था। इस जांच में ईडी की पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली की टीमें शामिल थी।

### पत्नी सिंगर व एक्ट्रेस

पनेसर की पत्नी प्रीति पनेसर भी पूर्व मिस इंडिया युगांडा, सिंगर और एक्ट्रेस हैं। ईडी ने यह कार्रवाई पीएमएलए की धारा 2(1)(आरए) के तहत की है। इस धारा के तहत सीमा पार के मामलों को निपटाया जाता है। यानी भारत से बाहर किसी स्थान पर किसी व्यक्ति द्वारा किया गया कोई आचरण जो उस स्थान पर अपराध बनता है और जो अनुसूची के भाग ए, भाग बी या भाग सी में निर्दिष्ट अपराध बनता है। अगर यह भारत में किया गया होता।


काफी देर तक थमा रहा काफिला सीएम नायब सैनी ने जताई चिंता

मामले की खुफिया तंत्र, हरियाणा और चंडीगढ़ पुलिस करेगी जांच

# मुख्यमंत्री सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की सुरक्षा में चूक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की सुरक्षा चूक का मामला सामने आया है। सैनी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा, ऐसे मामलों को हर हाल में रोका जाना चाहिए। हरियाणा खुफिया विभाग और चंडीगढ़ पुलिस इस घटनाक्रम के बाद से इसकी पड़ताल में लगी है, ताकि आने वाले वक्त में इस तरह का घटनाक्रम नहीं हो।




दरअसल, हरियाणा और पंजाब के सीएम के चंडीगढ़ स्थित सरकारी आवास की ओर से आते समय पंजाब व हरियाणा निवास पड़ते हैं। बीती देर रात सीएम हरियाणा आवास संत कबीर कुटिया से पंजाब भवन की ओर जा रहे थे तभी वहां गेट बंद करने के कारण दोनों ही वीवीआईपी को करीब दस से पंद्रह मिनट तक इंतजार करना पड़ा। जिसके बाद से पूरा मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके तुरंत बाद में हरियाणा खुफिया विभाग और चंडीगढ़ पुलिस सक्रिय हो गई है। वैसे, यह सुरक्षा के चूक का मामला माना जा रहा है। पूरे मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

### सैनी बोले-यह ठीक नहीं

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार को इस पर चिंता जाहिर की और कहा कि यह ठीक नहीं है। आने वाले समय के लिए इसे रोका जाना जरूरी है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ में सीएम नायब गत रात्रि चंडीगढ़ के एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद एक ही गाड़ी में सवार होकर वापस लौट रहे थे। लेकिन जब उनका काफिला हरियाणा निवास की तरफ मुड़ा, तो पंजाब की ओर वाला गेट बंद कर दिया गया था।

## इंश्योरेंस प्रीमियम की पेमेंट अब होगा यूपीआई से भी, 1 मार्च से शुरू होगी सुविधा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब इंश्योरेंस का प्रीमियम चुकाना काफी आसान होने जा रहा है। आईआरडीएआई ने प्रीमियम पेमेंट की नई सुविधा का ऐलान किया है। इसका नाम बीमा-एएसबीए है। यह सुविधा 1 मार्च से शुरू होगी। यह सुविधा यूपीआई पर आधारित होगी। इसका मतलब है कि यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे करोड़ों लोग इस सुविधा का इस्तेमाल कर सकेंगे। बीमा-एएसबीए पॉलिसी होल्डर को फंड बैंक अकाउंट में ब्लॉक करने की सुविधा देता है। इसका मतलब है कि प्रीमियम का पैसा तुरंत पॉलिसीहोल्डर के बैंक अकाउंट से नहीं कटेगा। इरडाई ने इस बारे में 18 फरवरी को सर्कुलर जारी किया है। इसमें कहा है कि सभी इंश्योरेंस कंपनियों को अपने ग्राहकों को 1 मार्च से बीमा-एसबीए की सुविधा ऑफर करनी होगी। इंश्योरेंस कंपनी के पॉलिसी इश्यू करने के बाद ही उसके अकाउंट से पैसा बीमा कंपनी को ट्रांसफर होगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला पलटा**

# अरविंदर लवली होंगे दिल्ली विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर



24 से 27 तक चलेगा विस सत्र

आतिशी समेत सभी पूर्व मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ हटाए गए

सत्र में 25 को कैग की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश होंगी

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली सदन में 'प्रोटेम स्पीकर' की भूमिका निभाएंगे। 'प्रोटेम स्पीकर' अस्थायी विधानसभा अध्यक्ष होते हैं, जो पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव तक सीमित समय के लिए सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। दिल्ली विधानसभा का सत्र 24 से 27 फरवरी तक चलेगा। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है। सभी अफसरों को अपने मूल विभाग में रिपोर्ट करने को कहा है।

### सीएम ने मंत्रियों के साथ की बैठक

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शुक्रवार को सचिवालय पहुंचीं और मंत्रियों-अफसरों के साथ मीटिंग की। इसमें दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यू और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को खास तौर पर बुलाया गया था। इसके बाद वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिलीं।

### नए विधायक शपथ लेंगे

रेखा ने कहा कि 24 फरवरी से विधानसभा का सत्र बुलाया जाएगा, जो 27 फरवरी तक चलेगा। इसमें स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पर फैसला हो सकता है। नए विधायक भी इसी दिन शपथ लेंगे। उन्होंने बताया कि सत्र में 25 फरवरी को कैग की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश होंगी।

रेलवे ने एक्स को जारी किया नोटिस, 288 लिंक हटाए जाएं

# दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के वीडियो हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन रेलवे ने एक फरमान जरूर जारी किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी कर 288 वीडियोज लिंक हटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने 17 फरवरी को यह नोटिस भेजा था और एक्स को 36 घंटे में घटना से जुडे. सभी वीडियो लिंक हटाने का निर्देश दिया था। मंत्रालय के नोटिस में कहा कि यह नैतिकता के साथ एक्स के कंटेंट पॉलिसी के भी खिलाफ है। इस तरह के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने से कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है। अभी ट्रेनों में भारी भीड़ है, इसे देखते हुए रेलवे का ऑपरेशन भी प्रभावित हो सकता है। इसलिए से वीडियो हटाए जाएं।

**कहा, वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने से बिगड़ सकती है व्यवस्था**

## महाकुंभ आने-जाने के दौरान 3 हादसों में 16 लोगों की मौत

**लखनऊ (एजेंसी)।** महाकुंभ से जुड़े तीन हादसों में 16 लोगों की मौत हो गई। इनमें से दो हादसे उत्तर प्रदेश, तो एक हादसा बिहार में हुआ। दो एक्सीडेंट में लोग महाकुंभ में स्नान करके लौट रहे थे, जबकि एक परिवार डुबकी लगाने जा रहा था। पहला हादसा बिहार के भोजपुर में हुआ। यहां महाकुंभ से लौट रही कार ट्रक के पीछे घुस गई। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें से चार लोग एक ही परिवार के थे। ये लोग संगम में स्नान करने जा रहे थे। दूसरे हादसे में यूपी के गाजीपुर में महाकुंभ से लौटते हुए एक कार वाराणसी-गोरखपुर हाईवे पर खड़े ट्रॉले से टकरा गई। इसमें 4 की मौत हो गई। मृतकों में पूर्णिया (बिहार) के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की भांजी भी शामिल है। वहीं, तीसरे हादसे में वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर महाकुंभ जा रहे कर्नाटक के श्रद्धालुओं की क्रूजर जीप खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में पति-पत्नी समेत 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला का सिर कटकर सड़क पर जा गिरा। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**संबोधन** मोदी बोले-भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा

भारत मंडपम में 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' सम्मेलन का उद्घाटन किया

# देश को ऐसे नेताओं की जरूरत, जिनका दृष्टिकोण वैश्विक और मानसिकता भारतीय हो : प्रधानमंत्री

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और इस गति को बनाए रखने के लिए देश को विभिन्न क्षेत्रों के ऐसे नेताओं की जरूरत है, जिनका दृष्टिकोण वैश्विक हो, लेकिन मानसिकता भारतीय हो। राजधानी के भारत मंडपम में 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' (सोल) सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय संस्थान केवल एक विकल्प नहीं हैं, बल्कि आवश्यकता हैं। 'हमें ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने की आवश्यकता है जो भारतीय मानसिकता के साथ अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की समझ रखते हों।

इन नेताओं को रणनीतिक निर्णय लेने, संकट प्रबंधन और भविष्य की सोच में उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए। वैश्विक बाजार में और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए, हमें ऐसे नेताओं की आवश्यकता है जो वैश्विक व्यापार की गतिशीलता को समझते हैं। यह सोल का काम है।'

### हर क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को दर्शाए

मोदी ने कहा कि हमें ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो हर क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को दर्शाए, चाहे वह नौकरशाही हो या कारोबार या कोई अन्य क्षेत्र। हर क्षेत्र में जरूरत है जो देश के हितों को विश्व मंच पर पेश करते हुए वैश्विक जटिलताओं और जरूरतों का समाधान ढूंढ सकें।'भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। यह गति हर क्षेत्र में तेज हो रही है। इसे बनाए रखने और बढ़ाने के लिए, हमें विश्व स्तरीय नेताओं की जरूरत है।



### आरंभ जन से ही शुरू होता है

'राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, जन से जगत...किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन नेतृत्व का विकास बहुत जरूरी है और यह समय की मांग है।' मोदी ने कहा कि सोल की स्थापना 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज हर भारतीय, 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है। 140 करोड़ लोगों के देश में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है।

### स्थानीय संस्कारों के साथ आगे बढ़ें

मोदी ने कहा, एक तरह से भारत का पूरा दृष्टिकोण और भविष्य एक मजबूत नेतृत्व वाली पीढ़ी पर निर्भर होगा, इसलिए हमें वैश्विक सोच और स्थानीय संस्कारों के साथ आगे बढ़ना है।' सम्मेलन में मुख्य भाषण भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोग्बे का हुआ। दो दिन के इस सम्मेलन में राजनीति, खेल, कला, मीडिया, आध्यात्म, लोकनीति, व्यापार और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां अपनी सफलता की गाथा साझा करेंगी।

## खबर संक्षेप



### मास्टर ऑफ ला डिग्री में एंबुलेंस चालक की बेटी छवि का गोल्ड पर कब्जा

**चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित 34 वां दीक्षांत समारोह में गत दिवस 2022-2024 बैच मास्टर आफ लॉ डिग्री में नर्सिंग ऑफिसर मां और एंबुलेंस चालक की बेटी छवि ने परिवार और प्रदेश का नाम रोशन किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करते हुए गोल्ड मेडल जीता और मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त किया। छवि की दादी राजदुलारी गवर्नमेंट आयुर्वेदिक औषधालय राखी गढ़ी में ट्रेंड दाई की पोस्ट पर काम करतीं थी, अहम बात यह है कि 2 नवम्बर 1999 को उनके हाथों से ही छवि का जन्म हुआ था।

### चार जिलों में सड़कों पर 54 करोड़ खर्च होंगे

**चंडीगढ़।** प्रदेश 4 जिलों भिवानी, फतेहाबाद, करनाल और यमुनानगर में लगभग 54.22 करोड़ रुपये से 886 किलोमीटर लंबाई की 373 सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार ने बताया कि जिला भिवानी में 11 सड़कों की स्पेशल रिपेयर की जाएगी, जिनकी कुल लंबाई 47.7 किलोमीटर है। साथ ही, 18.6 किलोमीटर लंबाई की 4 सड़कों का सुधारीकरण किया जाएगा। इन पर क्रमशः 8.17 करोड़ रुपये तथा 3.95 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### बिजली निगमों को देश में पहला और दूसरा स्थान

**चंडीगढ़।** ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा के बिजली निगमों नामतः उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड को पूरे देश में ओवरऑल डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटिस रैंकिंग में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

## मुख्यमंत्री ने रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के समक्ष उठाया मुद्दा

# न्यायाधिकरण ने 38 साल पहले दी रिपोर्ट अब तक पानी का इंतजार कर रहा हरियाणा

**निर्णय लें**

- सीएम ने कहा- रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण 30 जनवरी 1987 को दी गई अपनी रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय जल्द ले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के समक्ष हरियाणा के हितों की बात करते हुए कहा कि 38 साल पहले 30 जनवरी 1987 को रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण द्वारा दी गई अपनी रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय जल्द से जल्द लिया जाए, ताकि हमारे न्यायोचित हिस्से का पानी हमें शीघ्र मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह बात रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के दौरे के दौरान हुई बैठक में कही। नायब सिंह सैनी ने रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री विनीत सरन, सदस्य न्यायमूर्ति श्री पी. नवीन राव और श्री सुमन श्याम का हरियाणा की 2 करोड 80 लाख जनता की और से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी 1987 को रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण ने अपनी रिपोर्ट दी थी। उस दिन से आज तक हरियाणा का हर बच्चा, नवयुवक और बुजुर्ग इस विषय में अंतिम निर्णय आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

### एसवाईएल पर फैसला हमारे हक में फिर भी पंजाब नहीं दे रहा पानी



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा के लिए एसवाईएल भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा के हक में फैसला भी दिया गया है, लेकिन फिर भी अभी तक पंजाब की ओर से हरियाणा को उसके हिस्से का पानी नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हम लगातार कई मंचों से कह चुके हैं कि हरियाणा को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए, लेकिन पंजाब सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही एसवाईएल विषय का समाधान होगा। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, हरियाणा और पंजाब महाधिवक्ता मौजूद रहे।

### जल संरक्षण वैश्विक चिंता का विषय

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्हें आशा है कि न्यायाधिकरण इस सम्बंध में अवश्य ही विवेकपूर्ण निर्णय लेगा, जिसकी पूरे भारतवर्ष में प्रशंसा होगी। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण न केवल भारत की चिंता है, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। इसके लिए जल संरक्षण की योजनाएं बनानी होंगी। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नदियों को जोड़ने की योजनाएं बनाई थी, जिसे आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। हरियाणा सरकार ने भी नदियों को जोड़ने के लिए रूपरेखा बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।



### सफीदों के ढाठरथ में मिले विज और बड़ौली

**सफीदों।** सूबे के परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली सफीदों उपमंडल के गांव ढाठरथ में आपस में मिले। दोनों नेता गांव में आयोजित एक शादी समारोह में पहुंचे थे। अनिल विज व मोहन लाल बडौली ने इक्ट्‌ठे बैठकर खाना खाया और दोनों के बीच अच्छी वातावरण में बातचीत हुई। इसी दौरान दोनों नेता किसी बात पर खिलखिलाकर हंस पड़े। उसके बाद अनिज विज व मोहनलाल बडौली ने लोगों से अलग जाकर अकेले में खड़े होकर काफी देर लंबी बातचीत की। किसी को भी उनकी ओर जाने की इजाजत नहीं दी गई। यह नहीं पता चल पाया कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों के बीच प्रदेश की राजनीति व नगर निगम व निकाय चुनावों को लेकर बातचीत हुई होगी।

## किसानों के लिए नई तकनीक पर काम होगा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा व केंद्र सरकार किसानों की भलाई के लिए गंभीरता से काम कर रही है, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे उपक्रमों से किसान आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। इसी कड़ी में आज महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल व कोच्चि विश्वविद्यालय, जापान के बीच किसानों के हित के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है। इससे दोनों देशों के विश्वविद्यालय बागवानी के क्षेत्र में किसानों के लिए लाभप्रद आधुनिक तकनीकों पर काम करेंगे, जिसका सीधा फायदा किसानों को होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा की मौजूदगी में चण्डीगढ़ में इंटरनेटस ऑफ प्लांटस नामक तकनीक पर अनुसंधान के लिए एक समझौता ज्ञापन हुआ।

**जापान की कोच्चि विवि के साथ समझौता**



### हरियाणा में चल रही हवा-हवाई सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश में बीजेपी की ऐसी हवा हवाई सरकार चल रही है, जिसके वादे और इरादे दोनों हवा हवाई साबित हुए हैं। बीजेपी ने ना पिछले 10 साल के कार्यकाल में कोई विकास कार्य किया और ना ही तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में उसके पास बताने लायक कोई उपलब्धि है। अब तक ना महिलाओं को 2100 देने का वादा पूरा हुआ, ना युवाओं को 2 लाख नौकरियां दी गई, ना कौशल निगम कर्मियों के पक्का किया गया और ना ही किसानों को एमएसपी दी गई। हुड्डा आज रोहतक में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने निगम चुनाव को लेकर पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया।

## जींद के अशोक सूचना विभाग में मीडिया कोऑर्डिनेटर

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी सरकार ने एक बार फिर से जींद के रहने वाले अशोक छाबड़ा को जिम्मेदारी दी है। छाबड़ा को मीडिया कोऑर्डिनेटर लगाया है। इन्फॉर्मेशन पब्लिक रिलेशन एंड लैंग्वेज डिपार्टमेंट कमिश्नर और सरकार में सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को इस संबंध में पत्र जारी किया है। अशोक छाबड़ा को पहले भी कई जिम्मेदारी दी गई थी। छाबड़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे हैं और राम मंदिर के अयोध्या आंदोलन में जेल भी जा चुके हैं।




**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "किर्लोस्कर के सी–चेक और डी–चेक शेड्यूल अन्य संबधित के साथ उच्च क्षमता पावर कारों के 500 केवीए डीजल इंजन बनाते है। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 13.03.2025 प्रातः 11:30 बजे। | निविद अपलोड करने की तिथि एवं समय | 19.02.2025 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू 4,55,70,480/– सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू 3,77,900/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग–। खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 24 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 27.02.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 13.03.2025 प्रातः 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्‌घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

सं. 56–डब्ल्यू/इलैक्ट्रिकल/24–25/टी/22/किर्लोस्कर सी एंड डी चेक

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 580/25



**खण्ड तोशाम के गांवों में ग्रामीण सफाई कर्मचारी लगाये जाने बारे आवेदन निमंत्रित करना।**

आम व खास को सूचित किया जाता है कि निम्न अनुसार गांवों में सफाई कर्मचारी का पद रिक्त है। जिसके लिए गांव में सफाई के कार्य करने में इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमत्रिंत किए जाने हैं। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन पत्र दिनांक 03.03.2025 तक सरपंच ग्राम पंचायत ढाणी सरल, ढाणी कतवार और देवावास के पास जमा करवा सकते हैं। निश्चित तिथि के उपरांत कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जाएगा। उक्त पद हेतु साक्षात्कार दिनांक 04.03.2025 को प्रातः 11 बजे खण्ड कार्यालय तोशाम में होगा। इसके लिए अन्य कोई सूचना एवं पत्र नही भेजे जाएंगे।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | सर्जित पद |
|---|---|---|
| 1 | ढाणी सरल | 1 |
| 2 | ढाणी कतवार | 1 |
| 3 | देवावास | 1 |

चयन के लिए पात्रता एवं शर्ते इस प्रकार होंगीः-

1. आवेदनकर्ता उसी ग्राम क्षेत्र या उसके साथ लगते ग्राम क्षेत्र का व्यक्ति हो सकता है।
2. आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के बीच की होनी चाहिए।
3. आवेदक स्त्री या पुरुष कोई भी हो सकता है।
4. आवेदक शारीरिक रुप से स्वस्थ एवं कार्य करने में समर्थ होना चाहिए।

हस्ता/–खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, तोशाम।


पीआरडीएच-1028/11/94/2025/32462/88/6 दि. 21.02.25



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु. न. 17 दिनांक 15/01/2025 धारा 346 आई.पी.सी. थाना बरोदा जिला सोनीपत ।

गुमशुदा की पहचान



नाम- धीर सिंह।
पिता का नाम चतर सिहं ।
पता - वासी गांव घड़वाल जिला सोनीपत ।
उम्र-52 वर्ष ।
जन्म तिथि- वर्ष 1993
कद- 5 फुट 9 ईन्च ।
हुलियाः रंग गेहुंआ, पतला शरीर, लमबुंतरा चेहरा, काले बाल ।
पहनावाः- पैंट-शर्ट व जुते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि धीर सिंह पुत्र चतर सिहं वासी गांव घड़वाल जिला सोनीपत जो करीब 31 साल पहले घर से बिना बताये चला गया था। जो अब तक अपने घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

प्रबन्धक थाना-7419410546
अनुसंधानकर्ता मो. न.-7048936400
कन्ट्रोल रुम सोनीपत-0130-2222903,100

हस्ता/–अपराध अभिलेख अधिकारी, कृते पुलिस उपायुक्त। मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3138/2025/32460/88/6 दि. 21.02.25


## नीलोखेड़ी विधायक के खिलाफ अदालत में गुहार लगाई

- ईवीएम के दुरुपयोग, खर्च का ब्योरा नहीं देने और धर्म व जाति के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया

**चंडीगढ़।** नीलोखेड़ी विधानसभा सीट से भाजपा की टिकट पर जीतकर विस पहुंचे भगवानदास कबीरपंथी के विरुद्ध पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। कांग्रेस की ओर से चुनाव मैदान में उतरे और हारे धर्मपाल गोंदर की ओर से विधायक पर आरोप लगाए गए हैं। धर्मपाल गोंदर की याचिका को लेकर हरियाणा कांग्रेस लीगल सेल अध्यक्ष केसी भाटिया ने बताया है कि गोंदर की याचिका में ईवीएम के दुरुपयोग, खर्च का ठीक तरह से ब्योरा नहीं देने व धर्म व जाति के नाम पर वोट मांगने के आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है। भाटिया का कहना है कि याचिका समयसीमा 45 दिनों के अंदर के अंदर दायर की गई है। याचिका में आरोप हैं कि चुनाव आयोग की ओर से प्रत्याशी खर्च करने की सीमा से ज्यादा खर्च किया गया। वीडियोग्राफी, सीसीटीवी फुटैज मांगी गई है। चुनाव में जाति, धर्म के नाम पर कबीरपंथी ने वोट मांगे हैं। याचिका में चुनाव को रद्द करने की मांग की है।

## पर्ची-खर्ची से नकली डॉक्टर बनाने का खेल चल रहा : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि पंडित भगवत दयाल स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक में हुए एमबीबीएस परीक्षा घोटाले से साफ हो गया है कि न जाने कितने कितने सालों से पर्ची-खर्ची से नकली डॉक्टर बनाने का खेला चल रहा है, आज इस खेल में बने नकली डॉक्टर लोगों की जिंदगियों से खेल रहे हैं। इस घोटाले में शामिल लोगों को और जो नकली डॉक्टर बने हैं सरकार उनके खिलाफ क्या कार्रवाई कर रही है, इसे लेकर सरकार को श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। वैसे भाजपा सरकार में 11 साल में 50 से अधिक पेपर लीक में से एक की भी जांच पूरी नहीं हो पाई।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद् शिवपुर- चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)**

क्र./2299/लो.नि.वि./न.पा.प./2025 — शिवपुर – चरचा, दिनाँक 21/02/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय निविदा)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165087 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad Shivpur Charcha under SBM 2.0 (2nd Call) | INR Rs. 356.73 Lakhs | INR Rs. 1.78 Lakhs (Rupees One Lakh Seventy Eight Thousand only) TDR/ FDR in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Shivpur Churcha | Rs. 10,000.00 (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Shivpur Churcha | Construction Period - 15 months (including rainy season + 03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order. | 12.03.2025 by 04.00 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://cproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् शिवपुर - चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)


**तैयारी** — पूर्व मंत्रियों, विधायकों और सांसद करेंगे प्रचार

# निकाय चुनावों की कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची में विनेश और बजरंग का नाम नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की ओर से निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सूची में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, सिरसा सांसद सैलजा सहित 30 नेताओं को प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। अहम बात यह है कि सूची में कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को शामिल नहीं किया गया है। कांग्रेस द्वारा जारी की गई स्टार प्रचारकों की इस सूची में जितेंद्र बघेल सचिव एआईसीसी सह इंचार्ज, प्रफुल्ल गुडाधे,रणदीप सिंह सुरजेवाला सांसद दीपेंद्र, सांसद जेपी, सांसद वरुण चौधरी, सतपाल ब्रह्मचारी, कैप्टन अजय सिंह यादव, बीरेंद्र सिंह प्रदेश पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष, डॉ. आरएस कादियान विधायक, चंद्रमोहन बिश्नोई विधायक व पूर्व डिप्टी सीएम, आफताब अहमद चौधरी निर्मल सिंह विधायक, अशोक अरोड़ा विधायक, कुलदीप शर्मा, गीता भुक्कल शकुंतला खटक, सुशील इंदौरा पूर्व सांसद, जयवीर वाल्मीकि, कुलदीप वत्स विधायक, दिव्यांशु बुद्धिराजा अध्यक्ष एचपीएमसी, डा. पूनम चौहान सेवादल अध्यक्ष पूनम चौहान मनोज बागड़ी रमेश सैनी और अमित यादव के नाम शामिल हैं जो निकाय चुनाव में प्रचार करेंगे।

### विनेश ने दीपेंद्र के कार्यक्रम के दूरी बनी चर्चा का विषय

यहां पर बता दें कि गत दिनों एक कार्यक्रम के दौरान सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को बतौर मुख्यातिथि बुलाया गया था, इस दौरान विनेश फोगाट को भी बुलाया गया, लेकिन विधायक फोगाट इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई, जिसके बाद से तरह तरह की चर्चाओं को पंख लगे हुए हैं। पिछले दिनों विनेश फोगाट ने जुलाना में रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के प्रोग्राम से दूरी बनाई थी। इस प्रोग्राम में विनेश फोगाट का नाम स्पेशल इनविटेशन गेस्ट लिस्ट में शामिल था।

### बिशन लाल सैनी और विशाल सैनी को पहले ही निकाला

कांग्रेस ने रादौर से पूर्व विधायक बिशन लाल सैनी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट विशाल सैनी को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर निकाल दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की ओर से लेटर जारी कर कहा गया कि दोनों नेता पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। हालांकि, बिशन लाल सैनी को 6 दिन पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यमुनानगर में भाजपा जॉइन करा चुके हैं।


**CISF**

**केऔसुब में आरक्षक / ट्रेड्समैन की भर्ती-2024**

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में भारतीय पुरूष एवं महिला नागरिकों से रसोइया, मोची, दर्जी, नाई, धोबी, सफाईवाला, पेंटर, बढ़ई, इलेक्ट्रिसियन, माली, वेल्डर, चार्ज मैक एवं मोटर पंप अटेंड के ट्रेड में आरक्षक (ट्रेड्समैन) अस्थाई पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

02 आरक्षक / ट्रेड्समैन की ट्रेडवार रिक्तियां निम्नानुसार हैं जो भर्ती के किसी भी चरण में बढ़ अथवा घट सकती हैं।

| पद का नाम / ट्रेड | सीधी भर्ती | | | ईएसएम | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | कुल | | |
| आरक्षक / रसोइया | 400 | 44 | 444 | 49 | 493 |
| आरक्षक / मोची | 07 | 01 | 08 | 01 | 09 |
| आरक्षक / दर्जी | 19 | 02 | 21 | 02 | 23 |
| आरक्षक / नाई | 163 | 17 | 180 | 19 | 199 |
| आरक्षक / धोबी | 212 | 24 | 236 | 26 | 262 |
| आरक्षक / सफाईवाला | 123 | 14 | 137 | 15 | 152 |
| आरक्षक / पेंटर | 02 | 00 | 02 | 00 | 02 |
| आरक्षक / बढ़ई | 07 | 01 | 08 | 01 | 09 |
| आरक्षक / इलेक्ट्रिसियन | 04 | 00 | 04 | 00 | 04 |
| आरक्षक / माली | 04 | 00 | 04 | 00 | 04 |
| आरक्षक / वेल्डर | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| आरक्षक / चार्ज मैक | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| आरक्षक / एमपी अटैंड | 02 | 00 | 02 | 00 | 02 |
| कुल | 945 | 103 | 1048 | 113 | 1161 |

विस्तृत विवरण के लिए कृपया दिनांक 22– 28 फरवरी 2025 के एम्प्लॉयमेन्ट न्यूज / रोजगार समाचार में विज्ञापन / अधिसूचना को देखें अथवा केऔसुब वेबसाइट अर्थात https://cisfrectt.cisf.gov.in पर विजिट करें।

CBC-19113/11/0012/2425



**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास, भिवानी -127021**

फोन नं. : 01664-297220 वेबसाइट : www.paluwas.kvs.ac.in

**संविदा शिक्षकों के साक्षात्कार हेतु**

विभिन्न पदों (अध्यापक व अन्य) पर अस्थाई (on purely contractual basis) नियुक्ति हेतु साक्षात्कार के लिए आवेदन पत्र, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक उम्मीदवार पदों के विवरण व योग्यता एवं अन्य विस्तृत जानकारी व आवेदन प्रपत्र पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास, भिवानी की वेबसाइट www.paluwas.kvs.ac.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। जो उम्मीदवार के. वि. सं. मानदंडो के अनुसार न्यूनतम योग्यता को पूर्ण करते है, से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन निर्धारित प्रोफॉर्मा मे भरकर अपने प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ दिनांक 07.03.2025 दोपहर 1:00 बजे तक स्वयं जमा करा सकते है। दिनांक 07.03.2025 दोपहर 1:00 बजे के बाद आए आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगें।

**नोट**- विद्यालय में सिर्फ निम्न रिक्तियां हैं - नर्स-01, स्पोर्टस कोच-01, योग शिक्षक-01, कंप्यूटर- प्रशिक्षक (Computer Instructor)-01, परामर्शदाता-01, Special Educator(PRT)-01, PGT(Computer Sciene)-01 व TGT (English) -01

अन्य बाकी बचे हुए पदों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए केवल एक पैनल बनाया जाएगा जिसमे चयनित शिक्षकों को भविष्य में रिक्तियाँ होने पर ही विद्यालय मे बुलाया जाएगा। प्रमाण पत्रों की जांच के उपरांत ही अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए समय समय पर विद्यालय की वेबसाइट देखें।

अभियार्थी नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार इंटरव्यू में उपस्थित हो सकते है।

| क्रम सं. | पदनाम | विषय | दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अन्य | नर्स, स्पोर्टस कोच, योग शिक्षक, परामर्शदाता (Counsellor) व Special Educator (PRT) | 21.03.2025 at 09:00 am onwards | पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, पालुवास |
| 2. | प्राथमिक शिक्षक | | | |
| 3. | पी.जी.टी | हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव-विज्ञान व गणित, कंप्यूटर विज्ञान | 22.03.2025 at 9:00 am onwards | |
| 4. | टीजीटी | हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित व सामजिक-विज्ञान, कंप्यूटर-प्रशिक्षक (Computer Instructor) | | |

एक अभ्यर्थी अगर एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करता है तो अलग अलग फॉर्म जमा करवाना होगा।

**नोट** : किसी भी पद के लिए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर लिखित स्क्रीनिंग टेस्ट सुबह 9.00 बजे लिया जा सकता है, लिखित परीक्षा मे उतीर्ण अभ्यर्थियों का ही साक्षात्कार लिया जाएगा। इंटरव्यू के लिए कोई मानदेय नहीं दिया जाएगा।

(मोहिंदर सिंह)
प्राचार्य

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कृषिमंत्री आज कुरुक्षेत्र गुरुकुल आएंगे

**कुरुक्षेत्र।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार, 22 फरवरी 2025 को गुरुकुल कुरुक्षेत्र आएंगे। यहाँ वे 180 एकड़ के प्राकृतिक खेती फार्म के साथ-साथ गुरुकुल के विभिन्न प्रकल्पों का अवलोकन करेंगे। इस दौरान गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विभाग एवं आईसीएआर के उच्च अधिकारियों सहित कई प्रगतिशील किसान भी शामिल रहेंगे।

### 11.75 लाख चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा उंचा गांव टीम ने योजना के तहत कम्पनी की 11. 75 लाख की पेमेंट की चोरी करने के मामले में 4 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में अवनेश, अजय, अनुज और अंकित का नाम शामिल है। अवनेश, अजय और अनुज उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के गांव फतेहपुर और अंकित उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के गांव नंगला के रहने वाले है।

### सुनारियां जेल रोड पर पुलिस ने बाइक सवारों को ललकारा तो कर दी फायरिंग

# रोहतक पुलिस व बदमाशों में मुठभेड़ एक को गोली लगी, दूसरे का पैर टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सुनारियां जेल रोड के पास शुक्रवार सुबह पुलिस-बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस ने बदमाशों को घेरा तो उन्होंने चलती बाइक से फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों के फायरिंग करने पर पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक बदमाश घायल हो गया जबकि दूसरा बाइक से नीचे गिरकर घायल हो गया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने काबू कर लिया। दोनों आरोपियों की पहचान नीरज उर्फ शुटर निवासी शिवाजी कालोनी, व मोटरसाइकिल चालक की नवीन उर्फ भोलू निवासी शीतलनगर रोहतक के रुप में हुई। घायल बदमाशों को उपचार के लिए पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया।

पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि शुक्रवार सुबह दो बदमाश बाइक पर स्नैचिंग-लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। इसके बाद सीआईए -1 पुलिस की टीम ने उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को वह अनाज मंडी के नजदीक सुनारिया जेल रोड से



शहर की तरफ आते हुए नजर आ गए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने बाइक दौड़ा ली। इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। जब बदमाशों को लगा कि वह बाइक पर ज्यादा देर तक पुलिस से भाग नहीं पाएंगे तो बचाव के लिए उन्होंने चलती बाइक से ही फायरिंग कर दी।

टीम पर फायरिंग होते ही पुलिस कर्मियों ने भी गोलियां चला दीं। इससे बाइक पर पीछे बैठे बदमाश के पैर में गोली लग गई। इससे वह गिरा और बाइक का संतुलन बिगड़ गया।



बाइक स्पीड में थी, इसलिए स्लिप होकर काफी दूरी तक घिसटती हुई चली गई। इससे बाइक चला रहा दूसरा बदमाश भी गिर पड़ा और उसका पैर टूट गया। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया। इसके बाद पुलिस पूछताछ में पता चला कि बाइक पर पीछे बैठा युवक नवीन शिवाजी कॉलोनी और बाइक चलाने वाला नीरज शीतल नगर का रहने वाला है। नवीन के पैर में गोली लगी जबकि नीरज का पैर फ्रैक्चर हो गया है।

### दो महिलाओं की चेन तोड़ने का आरोप, व्यापारी को लूटा था

आरोपियों ने 20 फरवरी को सेक्टर-4 एक्सटेंशन में पिस्तौल की नोक पर एक महिला के गले से सोने की चेन तोड़ने, लक्ष्मीनगर रोहतक से महिला के गले से सोने की चैन तोड़ने व हिसार बाईपास से एक आदमी से पिस्तौल की नोक पर एक लाख रुपये लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। जांच में सामने आया कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी छीना झपटी, चोरी के मामले दर्ज है। आरोपियों ने अपने तीसरे साथी के साथ मिलकर स्नैचिंग व लूट की वारदात को अंजाम दिया है। वारदातों में शामिल रहे तीसरे आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### लूटपाट करने के लिए बाइक पर घूम रहे थे

पुलिस की सीआईए-1 के जांच अधिकारी ने बताया कि बदमाशों की पहचान हो चुकी है। स्नैचिंग-लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे थे। साथ ही पूछताछ की जा रही है। तीन वारदातों का खुलासा कर दिया है।

# अवैध नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़, 29 को छुड़वाया

### पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार



डबवाली। नशा मुक्ति केंद्र से छुड़वाए गए युवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

- केंद्र में हरियाणा के साथ पंजाब व राजस्थान के युवक बंद थे
- एकनूर नशा मुक्ति केंद्र के नाम से चल रहा था केंद्र

थाना शहर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कबीर बस्ती में किराए के मकान में अवैध रूप से चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने 29 पीड़ितों को छुड़वाया है और हरदीप सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी जोगेवाला डबवाली व इकबाल सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी फूस मंडी जिला बठिंडा को काबू किया। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि कमल कांत निवासी डबवाली का एक रिहायशी मकान वार्ड कबीर बस्ती डबवाली में है।

यह मकान कमलकांत से उक्त आरोपियों हरदीप सिंह और इकबाल सिंह द्वारा किराये पर लिया गया था और वहां उनके द्वारा फर्जी तौर पर बिना परमिशन के एकनूर नशा मुक्ति केंद्र के नाम से नशा मुक्ति केंद्र चलाया जा रहा था। इस नशा मुक्ति केन्द्र में हरियाणा, पंजाब व राजस्थान से लगभग 25-30 नशा पीड़ित व्यक्तियों को अवैध तरीके से बंदी बनाकर रखा गया था। नशे से पीड़ित व्यक्तियों व उनके परिजनों से भारी मात्रा में नशा छुड़वाने के नाम पर धोखाधड़ी करके रकम भी वसूली जा रही थी। सूचना के आधार पर मकान पर छापा मारा गया, जहां से बंधक बनाए गए 29 नशा पीड़ितों को निकालकर उनके परिजनों के हवाले किया गया। आरोपियों के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# रंगदारी मांगने के आरोपी की स्कर्ट में पैदल परेड

**रेवाड़ी।** शहर के एक प्रॉपर्टी डीलर से दस लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोपी को सिटी पुलिस और सीआईए की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा है कि आरोपी आधा सिर मुंडाई अवस्था में स्कर्ट पहने हुए मिला था, जिसे उसी हालात में रिकवरी के लिए उसके घर तक पैदल ले जाया गया। आरोपी एक गैंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है, जो एक दशक से भी ज्यादा समय से जेल में बंद था। आरोपी को इस अवस्था में पैदल ले जाने का वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। 20 फरवरी को सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में शहर के प्रॉपर्टी डीलर सज्जन ने आरोप लगाया था कि जब वह अपने ऑफिस में बैठा हुआ था, तो भजन का बाग निवासी



रोहित उर्फ कालिया उसके ऑफिस में आया। उसने रिवाल्वर दिखाते हुए धमकी दी कि अगर धंधा करना है, तो उसे 10 लाख रुपये देने होंगे। सिटी पुलिस व सीआईए ने रोहित उर्फ कालिया को धमकी के चंद घंटों बाद ही गिरफ्तार कर लिया।

### वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

इसके बाद उसे रिकवरी के लिए उसके मकान तक पैदल ले जाया गया। सीआईए इंचार्ज सुमेर सिंह ने दावा किया जिस समय आरोपी को काबू किया गया, उसका सिर पहले से मुंडवाया हुआ था। उसने स्कर्ट भी खुद ही पहन रखी थी। चूंकि उसका मकान तंग गली में है, इस कारण उसे वाहन से ले जाना मुमकिन नहीं था। जिस समय कालिया को पुलिस पैदल ले जा रही थी, उस समय बाजार के लोग उसका वीडियो बना रहे थे। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। पुलिस के अनुसार कालिया का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। वह पूर्व में जीता गैंग से जुड़ा रहा है। लगभग 12 साल बाद वह जेल से बाहर आया था।

# जींद में घरों के आगे से जमीन खिसकी

- लोगों को सीढ़ी लगाकर घर के अंदर व बाहर जाना पड़ रहा

**जींद।** जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने आरोप लगाया है कि भिवानी रोड मिनी बाईपास की रेलवे लाइन पर जो अंडरपास बनाने का काम चल रहा है, उसमें आज अचानक कई मकानों के आगे से जमीन खिसक गई। जमीन ऐसे खिसकी जैसे भूकंप आता है। कई मकान गिरते गिरते बचे। इस दौरान मकानों से बाहर निकले का रास्ता भी बंद हो गया। मकानों में रहने वाले लोग अंदर ही बंद होकर रह गए। लोग साइड के खुले प्लाट में सीढ़ी लगा कर उतर कर जान बचाने पर मजबूर हुए। गोयल ने जींद के डीसी के मांग की है कि



यहां अब भी मकान गिरने का खतरा है एक बार मौके का मुआयना जरूर कर लीजिए। गोयल का कहना है कि क्या अंडरपास बनाने के नाम पर लोगों की जान ली जाएगी। क्या लोगों को घरों से बेघर किया जाएगा। आज का जो हादसा है उससे कई मकान गिर सकते थे। कई लोगों की जान जा सकती थी। गोयल ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है और यहां तक सवाल किया है कि आखिर कौन से पढे लिखे इंजीनियर इस अंडरपास को बना रहे है। इस मामले में जांच बिठाई जाए और जो भी दोषी हो उसपर कार्रवाई की जाए।







# भारत राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी कराने का इच्छुक



## 2026 में छोड़े गए खेलों के आयोजन को भी भारत तैयार

## राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का इच्छुक है और 2026 में ग्लास्गो खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भी यहां कराने के लिये तैयार है ताकि देश की पदक तालिका पर असर नहीं पड़े। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा ,'' हम राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के इच्छुक हैं और इस मसले पर राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी है। हमने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भारत में कराने का भी अनौपचारिक प्रस्ताव रखा है।''

### पत्र सौंपने की आखिरी तारीख 31 मार्च

राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की इच्छा जताने का पत्र सौंपने की आखिरी तारीख 31 मार्च है और मंत्रालय सूत्रों ने कहा कि प्रक्रिया जल्दी ही पूरी की जायेगी। भारत में एकमात्र राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली में 2010 में आयोजित हुए थे।

### ग्लास्गो से हॉकी, बैडमिंटन कुश्ती, क्रिकेट आदि खेल बाहर

ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे खेल बाहर किये जाने से भारत की पदक उम्मीदों को झटका लगा है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बजट में कटौती के लिये सिर्फ दस खेल शामिल किये गए हैं।




### राष्ट्रमंडल की मेजबानी से ओलंपिक के लिए बल मिलेगा

हाल ही में भारत का दौरा करने वाली राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ कैटी सेडलेयर ने कहा था कि ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की आकांक्षाओं को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से बल मिलेगा। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का आशय पत्र पहले ही सौंप चुका है।

### पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़ेगा

सूत्र ने कहा ,'' हमने यह प्रस्ताव इसलिये रखा है ताकि हमारे पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़े। अनौपचारिक प्रस्ताव रखा जा चुका है और हमें जवाब का इंतजार है।'' ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किये जायेंगे।

### भारत ने तीरंदाजी व निशानेबाजी का प्रस्ताव रखा था

भारत ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भी तीरंदाजी और निशानेबाजी स्पर्धायें कराने का प्रस्ताव रखा था और सीजीएफ तथा बर्मिंघम ने इसे मंजूरी भी दे दी थी लेकिन कोरोना महामारी के कारण ऐसा हो नहीं सका। ग्लास्गो ने लागत में कटौती के लिये टेबल टेनिस, स्क्वाश और ट्रायथलन को भी हटा दिया है। वहां सिर्फ चार स्थानों पर ही खेलों का आयोजन किया जायेगा।

### ग्लास्गो में सिर्फ दस खेल शामिल

ग्लास्गो खेलों में सिर्फ दस खेलों एथलेटिक्स, पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, लयबद्ध जिम्नास्टिक, ट्रैक साइकिलिंग, पैरा ट्रैक साइकिलिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन, पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बॉल और पैरा बॉल, तीन गुना तीन बास्केटबॉल और तीन गुना तीन व्हीलचेयर बास्केटबॉल को ही शामिल किया गया है।

### 2036 के ओलंपिक मेजबानी के लिए पत्र सौंपा

ओलंपिक 2036 की मेजबानी की दावेदारी को लेकर सूत्र ने बताया ,'' हमने आशय पत्र पिछले साल ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सौंप दिया है। हम आईओसी चुनाव का इंतजार कर रहे हैं जो अगले महीने होने हैं। ओलंपिक 2036 के मेजबान पर फैसला अगले साल मार्च से पहले नहीं आने वाला है। आईओसी चुनाव के बाद बात आगे बढेगी और हम पूरी तरह से तैयार हैं।''

## खबर संक्षेप



### कतर ओपन में कार्लोस को जिरि लेहेका ने हराया

**दोहा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब 25वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने उन्हें कतर ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। स्पेन के 21 वर्ष के अल्काराज को 2025 में आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच ने हराया था। इस महीने की शुरूआत में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ने रोटरडम ओपन जीता था। अल्काराज ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैने अपनी टीम और कोच से बात की है। मुझे नहीं पता कि कहां कमी रह गई। उसने शानदार खेल दिखाया और उसे श्रेय दिया जाना चाहिये।'' अब लेहेका का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने मात्तेओ बेरेतिनी को 4 -6, 6-4, 6-3 से हराया।

### हरियाणा, रेलवे राष्ट्रीय कबड्डी में पहला मैच जीते

**कटक।** गत चैम्पियन हरियाणा, रेलवे और मध्य प्रदेश ने 71वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप में पहले दिन अपने मुकाबले जीते। टूर्नामेंट में 30 टीमों को आठ पूल में बांटा गया है और हर पूल से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट में पहुंचेंगी। हरियाणा ने तेलंगाना को 50 -20 से हराया जबकि रेलवे ने पूल बी में मणिपुर को 59 - 27 से मात दी। पूल डी में मध्यप्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 59-35 से हराया। मेजबान ओडिशा ने पूल एफ में विदर्भ को 57-28 से शिकस्त दी।

### पुणे हाफ मैराथन के विजेता डोप जांच में विफल

**नई दिल्ली।** पिछले साल पुणे हाफ मैराथन में खिताब जीतने वाले प्रधान विलास किरुलाकर को एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) ने डोप टेस्ट में विफल होने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। किरुलाकर ने दिसंबर 2024 में एक घंटे चार मिनट और 22 सेकंड के समय के साथ पुणे मैराथन जीती थी। उन्हें प्रदर्शन बढ़ाने वाली ड्रग मेल्डोनियम का पॉजिटिव पाया गया है। एआईयू ने कहा, ''उनके डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम की मौजूदगी के बाद आरोप का नोटिस (अनुच्छेद 2.1 और अनुच्छेद 2.2) जारी किया गया है।''

### अफगानिस्तान को हराया, कगिसो रबाडा को 3 विकेट

# चैम्पियंस ट्रॉफी: रिकलटन के शतक से दक्षिण अफ्रीका 107 रन से जीता

भाषा ▶▶| कराची

दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज रेयान रिकलटन (103 रन) के पहले वनडे शतक और तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में अफगानिस्तान को 107 रन से शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए रिकलटन के शतक और तीन बल्लेबाजों के अर्धशतकों की मदद से छह विकेट पर 315 रन का स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान के लिए केवल रहमत शाह (90) एकमात्र बल्लेबाज थे जो क्रीज पर टिककर खेले लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला।

उनके अलावा दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर 18 रन का रहा। लगातार विकेट गंवाते हुए पूरी टीम 43.3 ओवर में 208 रन पर सिमट गई। इस तरह अफगानिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी में अपने पदार्पण मैच में हार का मुंह देखना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के लिए तेज गेंदबाजों में कागिसो रबाडा ने तीन, लुंगी एनगिडी और वियान मुल्डर ने दो दो जबकि मार्को यानसेन ने एक विकेट झटका। इससे पहले रिकलटन ने आक्रमक बल्लेबाजी का नमूना पेश करते हुए 106 गेंद का सामना किया और अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का जड़ा। रिकलटन ने कप्तान तेम्बा बावुमा (58 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 129 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। बावुमा (76 गेंद, पांच चौके) के अलावा टीम के लिए रासी वान डर डुसेन (52 रन, तीन चौके, दो छक्के) और ऐडन मारक्रम (नाबाद 52 रन, छह चौके, एक छक्का) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मैदान में अफगानिस्तान के समर्थकों की भरमार थी। अफगानिस्तान के गेंदबाजों का प्रदर्शन उनकी ख्याति के अनुरूप नहीं रहा जिसमें राशिद खान को कोई विकेट नहीं मिला जिन्होंने 10 ओवर में 59 रन दिए। टीम के लिए अनुभवी स्पिनर मोहम्मद नबी ने 51 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए जबकि फजलहक फारूकी, अजमतुल्लाह ओमरजई और नूर अहमद को एक एक विकेट मिला।




### इंग्लैंड का सामना सितारों के बिना उतरी आस्ट्रेलियाई टीम से आज



**लाहौर।** खराब फॉर्म से जूझ रही इंग्लैंड टीम का सामना चैम्पियंस ट्रॉफी में शनिवार को अपने पहले मैच में एशेज प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलियाई टीम से होगा जो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने से उनके बगैर खेल रही है। दोनों टीमें एक दिवसीय प्रारूप में संघर्ष करती नजर आ रही है। विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया को पिछली दो श्रृंखलाओं में श्रीलंका (0.2) और पाकिस्तान (1.2) ने हराया। दूसरी ओर कोच ब्रेंडन मैकुलम की इंग्लैंड टीम ने 2023 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद से कोई वनडे श्रृंखला नहीं जीती है। जोस बटलर की कप्तानी वाली टीम को भारत ने 3- 0 से हराया।

#### आस्ट्रेलिया के पांच प्रमुख खिलाड़ी बाहर

पिछली बार सितंबर 2024 में दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की वनडे श्रृंखला आस्ट्रेलिया ने 3-2 से जीती थी। उसके बाद से हालांकि आस्ट्रेलिया के पांच प्रमुख खिलाड़ी चोटों के कारण टीम से बाहर है। उनके तेज गेंदबाजों की धुरंधर तिकड़ी पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क चोट के कारण नहीं खेल रहे हैं।

क्रिकेट

## मुंबई को हराकर विदर्भ चौथी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में

- फाइनल में विदर्भ का सामना केरल से होगा
- मुंबई को 80 रन से हराकर विदर्भ चौथी बार रणजी फाइनल में



एजेंसी ▶▶| नागपुर

बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के पांच विकेट की मदद से विदर्भ ने शुक्रवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को 80 रन से हराकर चौथी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाई। विदर्भ फाइनल में केरल का सामना करेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी ने दो रन की बढ़त हासिल करके पहली बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। पुणे के रहने वाले 22 वर्षीय स्पिनर दुबे ने 127 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे 406 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही मुंबई की टीम 325 रन पर आउट हो गई। विदर्भ ने इस तरह से पिछले साल मुंबई के हाथों फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। विदर्भ को फाइनल में पहुंचाने में दुबे ने अहम भूमिका निभाई है। वह इस सत्र में अभी तक 66 विकेट ले चुके हैं। अब वह एक रणजी सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने के बिहार के आशुतोष अमन के रिकॉर्ड से केवल दो विकेट दूर हैं।

### भारत ने पुरुष एफआईएच प्रो लीग हॉकी में आयरलैंड को 3-1 से हराया

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आयरलैंड को 3-1 से हरा दिया। भारतीय टीम को आठवें मिनट में आयरलैंड ने चौंका दिया जब जेरेमी डंकन ने मैदानी प्रयास से गोल किया। लेकिन भारतीयों ने जोरदार वापसी की और 22वें मिनट में मंदीप सिंह के जरिए मैदानी गोल किया। इसके बाद जरमनप्रीत सिंह (45वें मिनट) और सुखजीत सिंह (58वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से एक-एक गोल करके भारत को जीत दिलाई। भारत अब शनिवार को 'रिटर्न लेग' मैच में आयरलैंड से भिड़ेगा। भारत फिलहाल पांच मैचों में नौ अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

## मुंबई ने आरसीबी को जीत की हैट्रिक बनाने से रोका

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कप्तान हरमनप्रीत कौर (38 गेंद पर 50 रन) के अर्धशतक और अमनजीत कौर (नाबाद 34 रन और तीन विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चार विकेट से हराकर उसकी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में जीत की हैट्रिक लगाने की हसरत पूरी नहीं होने दी। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद शुरुआती झटकों के बावजूद सात विकेट पर 167 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। मुंबई की टीम ने 19.5 ओवर में छह विकेट पर 170 रन बनाकर वर्तमान सत्र में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 57 रन था। इसके बाद एलिसे पेरी ने केवल 43 गेंदों में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 81 रन बनाकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। रिचा घोष (25 गेंदों पर 28) और कप्तान स्मृति मंधाना (13 गेंदों पर 26) ने भी आरसीबी की तरफ से उपयोगी योगदान दिया। उन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट लिए। मुंबई ने भी यास्तिका (08) का विकेट जल्दी गंवा दिया लेकिन उनकी जगह लेने के लिए उतरी नेट साइवर ब्रंट (21 गेंद पर 42 रन, नौ चौके) ने आते ही चौकों की झड़ी लगा दी।

## सभी चयन ट्रायल कैमरे के सामने होंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिये भारतीय टीम के चयन में पारदर्शिता लाने की कवायद में सभी चयन ट्रायल अब कैमरे के सामने होंगे जिसमें खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद होंगे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। पिछले कुछ अर्से में चयन से जुड़े मसलों के अदालत तक जाने के मद्देनजर खेल मंत्रालय ने मेरिट के आधार पर चयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये यह फैसला लिया है। सूत्र ने कहा ,'' अक्सर यह देखा जाता है कि चयन मामलों को लेकर विवाद होते हैं और वे अदालत तक जाते हैं जिससे खिलाड़ियों पर असर पड़ता है। इसलिये हमने अब से सारे चयन ट्रायल कैमरे के सामने पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में कराने का फैसला लिया है।'' सूत्र ने कहा ,'' चयन प्रक्रिया के दौरान मंत्रालय और साई के अधिकारी मौजूद होंगे।'' सूत्र ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय खेल महासंघों और खिलाड़ियों के बीच समन्वय को बढावा देने के लिये दिल्ली के विभिन्न स्टेडियमों में महासंघों को कार्यालय खोलने के लिये जगह दी जायेगी।

SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

**कोहली ने छह पारियों में 137 रन बनाए है**

## कोहली फॉर्म में वापसी के लिए खुद पर दबाव बना रहे : कुंबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली फॉर्म में वापसी के लिए खुद पर बहुत अधिक दबाव बना रहे हैं और उन्होंने इस स्टार बल्लेबाज को तनाव मुक्त रहने की सलाह दी है। कोहली ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद इस प्रारूप में जो छह पारियां खेली हैं उनमें वह केवल 137 रन ही बना पाए हैं जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, '''मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही प्रयास कर रहे हैं। वह जिस तरह से अपनी पारी आगे बढ़ा रहे हैं उसमें आप इसे देख सकते हैं। उन्हें इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।'' पूर्व कप्तान ने कहा, ''रोहित शर्मा को देखिए वह खुलकर खेलते हैं क्योंकि आगे काफी बल्लेबाज हैं और वे सभी शानदार फॉर्म में हैं। इसी तरह से विराट को भी किसी चीज की चिंता किए बिना खुलकर खेलने की जरूरत है।'' कुंबले ने कहा, ''सभी खिलाड़ी अपने करियर में मुश्किल दौर से गुजरते हैं लेकिन उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखकर मुझे ऐसा लगता है कि वह खुद पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं।'' इस पूर्व भारतीय कप्तान का मानना है सहज होकर खेलने से कोहली इस खराब दौर से बाहर निकाल सकते हैं। कुंबले ने कहा, ''जब आप पर इस तरह का दबाव होता है और आप पर अपेक्षाओं का बोझ बन जाता है तो आप अचानक ही इस तरह की चीजों को अनावश्यक महत्व देने लग जाते हो और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बहुत अधिक प्रयास करने लग जाते हो।''

### अपने कौशल के प्रति वफादार रहने से सफलता मिली

# बारीकियों पर काम से मिली सफलता: शमी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

**दुबई।** चोट के कारण क्रिकेट से दूर रहने का कठिन दौर पीछे छोड़कर आये भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि बारीकियों पर काम करने और अपने कौशल के प्रति वफादार रहने से उन्हें आईसीसी टूर्नामेंटों में कामयाबी मिलती है जिसमें उनका फोकस किफायती गेंदबाजी पर नहीं बल्कि विकेट लेने पर रहता है।

शमी ने चैम्पियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में पांच विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। वह 200 वनडे विकेट तक सबसे तेजी से पहुंचने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज भी बन गए।

### इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से की वापसी

शमी ने इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के जरिये वापसी की और अब जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय आक्रमण की कमान संभाल रहे हैं। शमी ने कहा ,'' मैं अपने फन को पूरी वफादारी से निखारने की कोशिश करता हूं। आप अपने कौशल के प्रति कितने वफादार हैं या अपने लक्ष्य को पाने की कितनी भूख आपके भीतर है। आप कैसे लय हासिल कर सकते हैं। भूख होना जरूरी है।''



### रन बने तो चलेगा पर विकेट मिलना चाहिए

शमी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,''आईसीसी टूर्नामेंटों में अगर मेरी गेंदों पर रन भी बनते हैं तो चलता है लेकिन विकेट मिलने चाहिये। उसी से टीम को फायदा होगा। मैं हमेशा यही सोचता रहता हूं।'' शमी को 2023 वनडे विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी जिसके बाद वह 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे।

### जरूरत के हिसाब से गेंदबाजी करता हूं

शमी ने कहा ,'' लय सही होनी जरूरी है। गेंदबाजी करते समय असहज तो नहीं हैं। मैं इन चीजों पर ध्यान देता हूं। नतीजे पर ध्यान नहीं देता। वर्तमान पर फोकस रहता है और जरूरत के हिसाब से गेंदबाजी करता हूं।'' वनडे क्रिकेट में छठी बार पांच विकेट लेने वाले शमी ने बताया कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारत को हारते देख वह कितने दुखी थे जब बुमराह ने अकेले दम पर गेंदबाजी का जिम्मा संभाल रखा था।

**दि महेन्द्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लि., महेन्द्रगढ़**
**फोन : 01285-220162**

**सार्वजनिक सूचना**

आम एवं समिति सदस्यगण को सूचित किया जाता है कि दि महेन्द्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लि., महेन्द्रगढ़ की वार्षिक आम सभा दिनांक 27.02.2025 को समिति के प्रांगण में दिन के 11:00 बजे पर होनी निश्चित की गई है। समिति के सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि सुनिश्चित तिथि एवं समय व स्थान पर उपस्थित होकर समिति की आम सभा की शोभा बढ़ायें तथा कार्यवाही में भाग लेवें।

**मीटिंग के एजेंडे निम्नलिखित हैं :-**

1. समिति की पिछली आम सभा वर्ष 2023-2024 दिनांक 13.03.2024 की पुष्टि करने बारे।
2. समिति में वर्ष 2023-2024 में किये गये कार्यों की समीक्षा एवं तुलनात्मक विचार विमर्श।
3. समिति में पिछली आम सभा मीटिंग से वर्ष 2022-2023 मार्च तक किये गये खर्चों एवं अदायगी का अनुमोदन करवाने विचार-विमर्श एवं निर्णय।
4. समिति में पुराना कण्डम तथा Dead फर्नीचर को नीलामी करवाने हेतु कण्डम सामान की सूची को अनुमोदन करवाने बारे विचार विमर्श एवं निर्णय।

हस्ता/- मैनेजर
दि महेन्द्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लि., महेन्द्रगढ़

## चिंतन

# वोटर टर्नआउट फंडिंग का 'सच' सामने लाए सरकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत को लेकर कोई भी बात तथ्य की कसौटी पर तोलकर बोलनी चाहिए। दूसरी पारी में शपथ लेने के बाद से वे लगातार भारत की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। तेजी से वैश्विक भूराजनीतिक समीकरण को बदल रहे ट्रंप को भारत के बारे में किसी भी राजनीतिक शैली में बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने संबंधी अमेरिकी वित्त पोषण को लेकर ट्रंप के दावे तथ्यों की कसौटी पर कितने खरे हैं, इसकी जांच निश्चित ही होनी चाहिए। अमेरिका को पहले अपनी यूएसएड (अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसी) की ऑडिट करनी चाहिए, फिर तथ्य के आधार पर भारत के बारे में अपनी बात कहनी चाहिए। भारत सरकार को भी देश में यूएसएड के कामकाज व फंडिंग की जांच करनी चाहिए। जिस प्रकार एलन मस्क नीत अमेरिकी प्रशासनिक सुधार विभाग ने भारत में वोटर टर्नआउट को लेकर यूएसएड की ओर से फंडिंग की बात उछाली है, उसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने उस बात को दोहराया और अपनी पूर्ववर्ती जो बाइडन सरकार की ओर इशारा करते हुए यूएसएड फंडिंग के जरिये भारत में चुनावी प्रक्रिया में दखल की बात कही, उसके बाद भारत सरकार का गंभीर होना लाजिमी है। लेकिन इन्वेस्टिगेटिव मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मस्क और ट्रंप जिस फंडिंग की बात कर रहे हैं, वो मालदोवा और बांग्लादेश के लिए की गई थी, भारत को नहीं। इस फंडिंग की वजह से दोनों जगह सत्ता प्रभावित हुई। सवाल है कि इस फंडिंग का सच सामने आना चाहिए। देश के अंदर राजनीतिक बयानबाजी के बजाय सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और दूध का दूध व पानी का पानी करना चाहिए। भारतीय नीतियां, लोकतांत्रिक शासन प्रणाली, भारत की राजनीतिक स्थिरता, लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक व धार्मिक विविधताएं विदेशी एजेंसियों व राष्ट्रों के निशाने पर रही हैं। चूंकि भारत अभी तेजी से उभरता शक्तिशाली राष्ट्र है, इसलिए इसे अस्थिर करने की कोशिश भी तेजी से होगी। भारत सरकार को वोटर टर्नआउट के लिए कथित अमेरिकी फंडिंग के दावे को गंभीरता से लेते हुए एक्शन लेना चाहिए। इसके लिए भारत को किसी के दबाव में भी नहीं आना चाहिए। भारतीय प्रवासियों के साथ अमानवीय सलूक कर अमेरिकी सरकार ने विश्व में भारत का छविभंजन ही किया है। पीएम नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान जैसे को तैसा टैक्स की धमकी भी ग्लोबल ट्रेड व विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ ही है, साथ ही यह आतिथ्य परंपरा का भी अपमान है। भारत को अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए। भारत को लेकर ट्रंप प्रशासन की जल्दबाजी वैश्विक कूटनीति के भी अनुरूप नहीं है। अमेरिका अगर भारत पर दबाव बनाने के लिए इन तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है, तो यह बहुत ही बचकाना है। भारत को अपनी सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर आते हुए प्रतिक्रियात्मक रुख अपनाना चाहिए। प्रवासियों को भेजने के तरीके, रेसिप्रोकल टैक्स, वोटर टर्नआउट फंडिंग आदि मसले को लेकर भारत का बोल्ड रुख होना चाहिए। विश्व के अनेक देश देख रहे हैं कि अमेरिकी व्यवहार पर भारत का जवाबी व्यवहार कैसा है? भारत को महाशक्ति की रेस में आगे बढ़ना है, जमना है, तो ग्लोबल व्यवहार के प्रति उसी मात्रा में प्रतिक्रियात्मक बनना होगा। भू राजनीतिक व सामरिक-कूटनीतिक परिदृश्य में भारत अभी अनेक पिछड़े व विकासशील देशों के लिए उम्मीद है। इसलिए भी अमेरिकी दावों की जांच कर ट्रंप प्रशासन के सच को सामने लाना जरूरी है।



**विश्लेषण**
राजकुमार सिंह

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा।

# फिर दौड़ने लगा भाजपा का विजय रथ

पिछले साल लोकसभा चुनाव में 303 से 240 सीटों पर सिमट जाने के झटके से भाजपा आठ महीने में पूरी तरह उबर गयी है। चार जून, 2024 को आए लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा के विजय रथ की राह में बड़े 'स्पीड ब्रेकर' की तरह थे। 2014 में उसने 282 सीटों के साथ, तीन दशक बाद किसी एक दल को, स्पष्ट बहुमत का कमाल किया था, तो 2019 में अपनी सीटें बढ़ा कर 303 तक ले गयी थी। इसलिए 'अबकी बार, 400 पार' के नारे के बीच पिछले साल लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत से भी वंचित हो जाना बड़ा झटका था। पर तीसरी बार, तेलुगु देशम् पार्टी और जनता दल यूनाइटेड जैसे सहयोगियों के समर्थन से, सरकार बनाने के बाद भाजपा अपने विजय रथ को फिर से पुरानी रफ्तार देने में सफल नजर आती है। बेशक पिछले साल लोकसभा चुनावों के साथ हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा पहली बार ओडिशा में सरकार बनाने में सफल रही थी।

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा। लोकसभा चुनाव के बीच ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक इंटरव्यू में यहां तक कह दिया कि शुरूआत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद पर निर्भर रही पार्टी अब समर्थ हो गयी है, लेकिन उसके बाद उसकी चुनावी रणनीति में बड़ा परिवर्तन नजर आता है।

बेशक मोदी की लोकप्रियता अभी भी भाजपा का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष है, लेकिन अब वह बहुआयामी चुनावी रणनीति के तहत चुनावी जंग में उतरती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगे झटके के तीन प्रमुख कारण माने गये। एक, नड्डा की टिप्पणी से संघ की नाराजगी। दो, राज्य नेतृत्व की चुनाव में नगण्य भूमिका। तीन, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा उठाये गये संविधान और आरक्षण को खतरे के मुद्दे। इसलिए भाजपा ने संघ से समन्वय और बेहतर बनाते हुए विधानसभा चुनावों में प्रदेश नेतृत्व को भी चुनावी मोर्चे पर आगे रखा। साथ ही वर्ष 2023 के अंत में खासकर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित हुई 'लाडली बहन' योजना से प्रेरित होकर 'मुफ्त रेवड़ी राजनीति' को भी चुनावी रणनीति का खास अंग बनाया। बेशक भाजपा की हालिया चुनावी सफलताओं में 'इंडिया' में बढ़ता असंतोष तथा संविधान और आरक्षण के मुद्दों पर कांग्रेस से इतर दलों की आक्रामकता में कमी भी मददगार रही है, लेकिन मोदी की भाजपा ने फिर से 'चुनाव जिताऊ' मंत्र खोज लिया लगता है।

बेशक दिल्ली में तो भाजपा लगातार तीसरी बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही थी, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में, सत्तारूढ़ होने के



बावजूद, उसे जबर्दस्त झटका लगा था। उसके बाद ही भाजपा ने राज्यों के चुनावों में स्थानीय नेतृत्व और मुद्दों पर ज्यादा फोकस करना शुरू किया।

महाराष्ट्र तो इस मामले में मिसाल है, जहां क्षेत्रवार चुनावी रणनीति बनायी गयी। बेशक हरियाणा में भी भाजपा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही, लेकिन महाराष्ट्र में उसने इतिहास ही रच दिया। मध्य प्रदेश की तर्ज पर 'लाड़की बहन' योजना समेत रिकॉर्ड संख्या में लोक लुभावन योजनाएं घोषित की गयीं तो महायुति के मित्र दलों की जीत की भी बिसात बिछायी गयी। हरियाणा और महाराष्ट्र में शानदार जीत के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा की राह आसान नहीं थी। आखिर लोकसभा चुनाव में सातों सीटें जिताने के बावजूद दिल्ली के मतदाता उसे राज्य की सत्ता के पास भी नहीं फटकने दे रहे थे और आप उनकी पहली पसंद बनी हुई थी। दरअसल दिल्ली में आप ने एकछत्र राज-सा कायम कर लिया था।

2013 के विधानसभा चुनाव में तो 28 सीटें जीती आप को आठ सीटों वाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनानी पड़ी, लेकिन 2015 और 2020 में उसने क्रमशः 67 और 62 सीटें जीत कर देश और दुनिया को चौंका दिया। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा क्रमशः तीन और आठ सीटों पर सिमट गयी तो देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पायी।

ऐसे में दिल्ली का चुनावी मोर्चा, देश में लगातार तीसरी बार सरकार बना लेने के बावजूद, भाजपा के लिए सबसे दुष्कर माना जा रहा था। इसलिए दिल्ली में आप से 40 सीटें छीन कर 27 साल बाद सत्ता में वापसी भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनावी 'बूस्टर डोज' साबित हो सकती है। आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ीं कांग्रेस और आप के एक-दूसरे के विरुद्ध ताल ठोंकने से भी मदद मिली, लेकिन इस जीत के लिए भाजपा ने एक साथ कई मोर्चों पर काम किया। शराब घोटाले और शीश महल के आरोपों से घिरे अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध भाजपा ने जहां बेहद आक्रामक अभियान चलाया, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सघन जन संपर्क के जरिये बड़ी भूमिका निभायी।

आप के परंपरागत वोट बैंक में और भी आकर्षक 'रेवड़ी-वायदों' से सेंध लगायी तो स्थानीय नेतृत्व को आगे करते हुए वेतन आयोग एवं आयकर राहत से अपने वोट बैंक का विस्तार किया। आप के संयोजक केजरीवाल को चुनावी रणनीति में बेहद चतुर माना जाता रहा है, लेकिन उन्हें भी उनके गढ़ में ही करारी मात देकर भाजपा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए चुनावी खतरे की घंटी बजा दी है। पंजाब की परिस्थितियां पूरी तरह अलग हैं, लेकिन दिल्ली की सत्ता गंवाने के बाद आप के लिए दिल्ली नगर निगम में भी अपनी सत्ता बचा पाना आसान नहीं होगा।

निगम की 11 खाली सीटों के लिए उप चुनाव होने हैं, जबकि आप के तीन पार्षद भाजपा तोड़ चुकी है। ऐसे में पिछली बार सिर्फ तीन वोट से जीती आप के लिए इस साल अप्रैल में अपना मेयर बना पाना बहुत मुश्किल होगा। इसी साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां फिलहाल नीतीश कुमार जनता दल यूनाइटेड- भाजपा गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। इस गठबंधन में चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल हैं, जबकि चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की मौजूदगी से भी अप्रत्यक्ष लाभ भाजपा को ही मिलेगा। जाहिर है, फिर से रफ्तार पकड़ चुके भाजपा के विजय रथ से मुकाबला अंतर्कलह से ग्रस्त विपक्ष के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श

प्रशांत पोळ



# संपूर्ण समाज का कल्याण ही सनातन का सही अर्थ

राष्ट्रीय राजमार्ग 44, बंगलुरु से रीवा और उसके भी आगे जाने वाला राजमार्ग। इस रास्ते पर, इन दिनों अलग-अलग राज्यों की नंबर प्लेट लगाए हुए हजारों वाहन.. इन सबका महाकाय प्रवाह बना हुआ है। लगभग प्रत्येक वाहन पर भगवा ध्वज है। किसी के झंडे पर श्रीराम का चित्र बना है, तो किसी ने उस पर हनुमान जी को पसंद किया है। रास्ते में भगवे झंडे की अनेक छोटी-छोटी दुकानें हैं। जिनके वाहन पर यह नहीं हैं, वह गाड़ी रोककर खरीद रहे हैं। रास्ते के सभी ढाबे, होटल, पेट्रोल पंप, लोगों से भरे पड़े हैं। जहां भी थोड़ा पानी, पेड़ की छांव या मंदिर दिखा, दूर से आने वाली गाड़ियां वहीं पर रुक जाती हैं। हजार से ज्यादा किलोमीटर का यह महामार्ग, इन दिनों उत्सवी वातावरण में हैं। दिन-रात प्रवास करने वाले लोगों में गजब का उत्साह है। इतने लंबे, थका देने वाले प्रवास के बावजूद उन सबके चेहरे पर आनंद है। जाने वालों के चेहरे पर उत्सुकता छलक रही है, तो वापस आने वाले लोगों के चेहरे पर कृतार्थता..! इन प्रवासियों में सभी भाषाओं के, सभी आयु वर्ग के, सभी आर्थिक स्तर के लोग शामिल हैं। इनमें कोई भेदभाव नहीं हैं। ट्रक में भरकर जा रहे कर्नाटक के भाविकों से वैसा ही व्यवहार हो रहा है, जैसा इनोवा में चल रहे तेलंगाना के प्रतिष्ठित परिवार से। इस समय यह सारे लोग सनातन की अक्षुण्ण यात्रा के सहप्रवासी हैं। यह सभी, प्रयाग कुंभ के यात्री हैं। रास्ते में अनेक स्थानों पर लोगों ने निःशुल्क रहने की व्यवस्था की है। अनेक स्थानों पर भंडारे चल रहे हैं। स्थान-स्थान पर कुंभ यात्रियों के स्वागत के बैनर लगे हुए हैं। सिवनी से आगे प्रयाग तक, सरकार ने इस महामार्ग के सभी टोल खोल दिए हैं। अब यह पूरा रास्ता निःशुल्क है। हालांकि रास्ता सुगम नहीं है। हजारों-लाखों प्रवासियों के कारण रास्ते पर जाम लगना या रास्ते को कुछ समय के लिए विवशतावश बंद करना, यह आम बात है। केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र से आने वाले सभी भाविकों को इसका पूरा अंदाज है। यह यात्रा कष्टप्रद है, 10-20 किलोमीटर चलना पड़ता है, इन सबकी उन्हें जानकारी हैं। किंतु फिर भी वह सारे आनंदित हैं। प्रमुदित हैं..! यह अद्भुत है। किसी भी परिपेक्ष में, किसी भी मानक पर, किसी भी कसौटी पर यह शब्दशः अभूतपूर्व है..! देश ने सनातन की ऐसी जबरदस्त ताकत इससे पहले कभी नहीं देखी थी। पिछले कुंभ में भी नहीं। 56 करोड़ से ज्यादा सनातनी, गंगा जी में डुबकी लगा चुके हैं। अर्थात, कुंभ मेला समाप्त होने में अभी कुछ दिन बाकी हैं, किंतु आधे से ज्यादा देश कुंभ हो आया है। यूरोप में सबसे ज्यादा जनसंख्या का देश है - जर्मनी। जर्मनी में 8.45 करोड़ लोग रहते हैं। मजेदार बात यह कि पूरे जर्मनी की लोकसंख्या से भी ज्यादा सनातनी श्रद्धालुओं ने मात्र एक दिन में प्रयाग महाकुंभ में, गंगा जी में स्नान किया है। विश्व अचरज भरी नजरों से भारत को देख रहा है। सनातन की प्रस्फुटित होती इस शक्ति को देखकर वे भौचक हैं। वे अब भारत को और अच्छे से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इस कुंभ ने भारत के अर्थतंत्र को जबरदस्त गति दी है। कुंभ की आलोचना करने वालों की समझ में शायद यह बात नहीं आई है। कुंभ का प्रभाव मात्र प्रयागराज, या काशी या अयोध्या तक ही सीमित नहीं है, प्रयाग को जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर लाखों लोगों के जीवन में, यह कुंभ आत्मविश्वास का प्रकाश लाया है। टूरिस्ट एजेंसी वाले, टैक्सी,बस, ट्रक वाले, ड्राइवर, पेट्रोल पंप, ढाबे वाले, छोटी-छोटी वस्तुएं बेचने वाले, होटल चलाने वाले, सब्जी -फल की बिक्री करने वाले, झंडा बेचने वाले, टायर का काम करने वाले.. सभी आनंद में हैं। प्रत्येक दुकानदार ने बड़े ही गर्व के साथ अपने प्रतिष्ठान पर भगवा झंडा लहराया है। इस पूरी ताकत को हिंदुत्व की (या सनातन की) शक्ति समझना गलत होगा। यह सारे भाविक हैं। श्रद्धालु हैं। आस्थावान हैं। किंतु इनमें से अनेक को अभी भी हिंदुत्व या सनातन का अर्थ ठीक से समझा नहीं हैं। यह हमारा दुर्भाग्य है कि हम व्यक्तिगत आस्था/श्रद्धा/कर्मकांड को ही सनातन समझ बैठते हैं। इसलिए श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से हर्षित उत्तर प्रदेश, हिंदुत्व के विरोधियों को चुनकर देता है। बांग्लादेश के हिंदू नरसंहार पर हिंदू खामोश रहता है। सनातन को दी हुई गालियों को चुपचाप सहन कर लेता है। सनातन का, हिंदुत्व का सही अर्थ है, संपूर्ण समाज का, राष्ट्र का, समष्टि का कल्याण। इस कल्याण के लिए जो आवश्यक है, वह सब करना, यही सनातन है। इस लोक कल्याण को नष्ट और भ्रष्ट करने वाली ताकत का सामना करना, उसे पराजित करना, यही है सनातन। इस महाकुंभ के माध्यम से जागृत हुई यह चेतना, राष्ट्र हित में निश्चित प्रवाहित होगी..!

(लेखक अभियंता, चिंतक और विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन सिर्फ परिस्थिति है, उसका अनुभव करें



संकलित
**दर्शन**

अक्सर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे। जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का ख्याल रखा जाएगा।

## निजी स्वार्थ में दूसरों को नहीं देना चाहिए कष्ट



संकलित
**प्रेरणा**

मृत्यु अटल सत्य है और एक दिन सभी मृत्यु को प्राप्त होंगे। मरने के बाद कोई भी व्यक्ति अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा सकता है। इसीलिए गलत काम करने से बचना चाहिए। जो लोग इस बात का ध्यान रखते हैं, वे जीवन में कभी दुखी नहीं होते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक दुखी व्यक्ति विद्वान संत के पास पहुंचा और बोला कि गुरुदेव मुझे कोई ऐसा सूत्र बताए, जो मुझे जीवनभर याद रहे और मेरी सारी समस्याएं खत्म हो सके। मेरे पास इतना समय नहीं है कि मैं रोज आपके प्रवचन सुनने यहां आऊं। संत ने उसकी बात ध्यान से सुनी और कहा कि ठीक है, मेरे साथ चलो। संत के साथ ही वह व्यक्ति भी चल दिया। संत उस व्यक्ति को लेकर श्मशान पहुंचे। उस व्यक्ति ने पूछा कि गुरुजी आप मुझे ये कहां लेकर आ गए हैं? संत ने कहा कि हम यहां कुछ देर रुकेंगे। थोड़ी ही देर में एक धनी व्यक्ति की अर्थी वहां आई और उसके कुछ देर बाद एक गरीब व्यक्ति की अर्थी लेकर कुछ लोग पहुंचे। अमीर और गरीब, दोनों लोगों के शवों को श्मशान में जला दिया गया। इसके बाद संत उस व्यक्ति को लेकर अपने आश्रम लौट आए। संत ने उससे कहा कि तुम कल फिर आना। मैं तुम्हें कल उपदेश दूंगा। अगले दिन सुबह-सुबह ही वह व्यक्ति फिर से संत के पास पहुंच गया। संत उसे लेकर श्मशान पहुंचे। संत ने अमीर की चिता से एक मुट्ठी राख उठाई और एक मुट्ठी राख गरीब की चिता से उठाई। दोनों मुट्ठियों की राख दिखाते हुए संत ने कहा कि ये देखो, अमीर हो या गरीब, दोनों एक समान हैं, दोनों में बिल्कुल भी अंत नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रैगिंग एक बदनुमा दाग

हमारी मानसिकता कुछ इस तरह की बन चुकी है कि जब भी कोई बड़ी दुर्घटना या अनहोनी होती है तो मीडिया तो अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए उसे आम जन तक पहुंचाता है, पर हम एक बार समाचार पढ़ कर या तो व्यथित होते हैं या फिर क्षणिक क्रोधित होते हैं और फिर अगले ही पल भूल जाते हैं कि क्या हुआ था। इसे संवेदनहीनता ही कहा जाएगा। कई राज्यों में रैगिंग को लेकर जो नित नए अमानवीय यातनाओं के आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, वो पूरी मानवता को शर्मिंदा करने वाले हैं। केरल में ही एक के बाद एक रैगिंग की ऐसी खबरें सामने आ रही हैं जो दिल दहला देने वाली हैं। ताजा मामला तिरुवनंतपुरम के कार्यावत्तोम गवर्नमेंट कॉलेज का है जहां सात सीनियर्स स्टूडेंट्स ने जूनियर स्टूडेंट को पानी में थूक मिलाकर पिलाया। - **रमेश अग्रवाल**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# ट्रंप के रुख के बाद जेलेंस्की के समर्थन में यूक्रेनवासी

यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यूक्रेनवासी उतने ही उदास और तनावग्रस्त हैं, जितने मॉस्को द्वारा युद्ध शुरू करने से ठीक पहले थे। अब, वे केवल अपने पुराने दुश्मन के बारे में चिंतित नहीं हैं। यूक्रेन के लिए चौंकाने वाला नया खतरा उसके एक समय के सबसे अच्छे सहयोगी, अमेरिका से है, जिसका समर्थन कमजोर पड़ता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच लड़ाई को रोकने का संकल्प जताते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वर में स्वर मिलाते दिख रहे हैं। ट्रंप ने दावा किया था कि यूक्रेन का नेतृत्व एक 'तानाशाह' कर रहा है जिसने रूस के साथ युद्ध शुरू किया। इसके बाद यूक्रेनी लोग जेलेंस्की के प्रति समर्थन जता रहे हैं, जिन्होंने रूस की 'गलत सूचनाओं' को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी। कीव की 25 वर्षीय तकनीकी कर्मचारी कैटरीना करौश ने कहा, ''हां, वह एक आदर्श राष्ट्रपति नहीं हैं, लेकिन वह तानाशाह भी नहीं हैं।'' लंबे समय से चली आ रहीं चुनौतियों के बावजूद, यूक्रेन के लोगों ने अमेरिका से भारी सैन्य समर्थन के साथ रूस को अपने देश पर कब्जा करने से रोका हुआ है, भले ही इसका लगभग पांचवां हिस्सा अब रूस के नियंत्रण में है।



## ऑफ बीट

# लोग जनरेटिव एआई से पूछ रहे स्वास्थ्य पर सवाल

ज़्यादातर लोग अपने रोज़मर्रा और पेशेवर जीवन में मदद के लिए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की ओर रुख कर रहे हैं। चैटजीपीटी सबसे मशहूर और व्यापक रूप से उपलब्ध जनरेटिव एआई टूल में से एक है। यह किसी भी सवाल का मुफ़्त में सटीक और विश्वसनीय जवाब देता है। लोगों के लिए जनरेटिव एआई टूल की मदद से स्वास्थ्य के बारे में जानने की बहुत संभावना है। लेकिन उत्तर हमेशा सही नहीं होते। स्वास्थ्य सलाह के लिए सिर्फ चैटजीपीटी पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है और अनावश्यक चिंता का कारण बन सकता है। जनरेटिव एआई अब भी अपेक्षाकृत एक नयी प्रौद्योगिकी है, और लगातार बदल रही है। हमारा नया अध्ययन इस बारे में पहला ऑस्ट्रेलियाई डेटा प्रदान करता है कि स्वास्थ्य संबंधी सवालों के जवाब देने के लिए कौन चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा है, और किस उद्देश्य से। परिणाम लोगों को यह बताने में मदद कर सकते हैं कि वे अपने स्वास्थ्य के लिए इस नयी प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे करें, और इसे सुरक्षित रूप से उपयोग करने के लिए आवश्यक नए कौशल – दूसरे शब्दों में, ''एआई स्वास्थ्य साक्षरता'' का निर्माण करें। स्वास्थ्य के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कौन करता है?



## X ट्रेंड

### नए क्षितिज की शुरुआत

पूर्वोत्तर की वास्तविक क्षमता को विकसित करने के लिए मोदी सरकार के अथक प्रयासों ने एक नए क्षितिज की शुरुआत की है जिसमें प्रगति और क्षेत्र की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत भविष्य की ओर साथ-साथ चलती है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### त्रिवेणी संगम में डुबकी

आज त्रिवेणी संगम में मेरे डुबकी लगाने के अनुभव का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता, जो सिर्फ नदियों का संगम नहीं है - यह करोड़ों सनातनियों की आस्था, आध्यात्मिकता और विरासत का संगम है।

-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम



### बीजेपी की बी टीम

कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आम चुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहाँ बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### मातृभाषा का हैंडल

अपनी मातृभाषा का हैंडल छोड़ना नहीं। जो अपनी भाषा में सोचता, बोलता और जीता है, वो अपनी पहचान कभी नहीं खोता। मिट्टी से जुड़ा इंसान, दुनिया में कहीं भी रहे, दिल से वही रहता है, जहाँ से चला था।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### सांसद पर बैट से हमला 10 संदिग्धों को पहचाना


**गुवाहाटी।** असम के नागांव जिले के रूपोहिहाट में गुरुवार को धुबरी से कांग्रेस के लोकसभा सांसद रकीबुल हुसैन और उनके निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) पर अज्ञात लोगों ने हमला किया।



इस मामले में असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पुलिस ने कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन पर हमले की कथित घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर ली है। अब तक कुल 10 लोगों की पहचान कर ली गई है।

### पकड़ी गई दिल्ली की लेडी डॉन जोया

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर और फिरौती मांगने वाले हाशिम बाबा की पत्नी जोया खान को स्पेशल सेल की पुलिस ने वेलकम थाने की पुलिस के साथ मिलकर एक करोड़ की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।



उत्तर पूर्वी दिल्ली की पुलिस और स्पेशल सेल काफी समय से जोया को पकड़ने के लिये छापेमारी कर रही थी लेकिन जोया कभी दुबई तो कभी मलेशिया में रह रही थी। जैसे ही वह दिल्ली आई पुलिस ने रेड करके उसे पकड़ा।

### जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने चीनी समकक्ष से मिले जयशंकर

# कैलाश मानसरोवर यात्रा बहाली, सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ जोहान्सबर्ग/ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की। यह मुलाकात जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुई है। दक्षिण अफ्रीका अभी जी20 की मेजबानी कर रहा है। जयशंकर ने वांग यी के साथ मुलाकात की तस्वीरों को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया और लिखा कि जोहान्सबर्ग में जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के पोलित ब्यूरो के सदस्य व विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात का अवसर मिला। जयशंकर ने कहा कि जी20 की बैठकों ने ऐसे समय में भी बातचीत का अवसर प्रदान किया है, जब भारत-चीन संबंध के चुनौतीपूर्ण चरण में हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह भी मानना चाहिए कि एक ध्रुवीकृत दुनिया के बीच हमारे दोनों देशों ने एक संस्था के रूप में जी20 को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। भारत और चीन जी20, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और ब्रिक्स के सदस्य हैं। आपसी हितों के कुछ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे हैं, जहां हमारे पारस्परिक लाभ के लिए दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान जरूरी है।

इस बीच, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायवास ने कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने दक्षिण अफ्रीका में अपनी बैठक के दौरान चीन-भारत संबंधों में प्रगति, सीमा क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने, कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली, उड़ान कनेक्टिविटी और यात्रा की सुगमता पर चर्चा की।

**द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की**

**दोनों देशों के बीच 30 मिनट चली यह बैठक**



### वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति कठिन बनी हुई

जयशंकर ने गुरुवार को 'वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति पर चर्चा' शीर्षक वाले जी20 सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जी20 विश्व में बहुध्रुवीय स्थिति की एक महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है। वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति हर तरह से कठिन बनी हुई है। कोविड वैश्विक महामारी, संघर्ष की स्थितियां, वित्तीय दबाव, खाद्य सुरक्षा और जलवायु संबंधी चिंताओं की चुनौतियां हैं। इसके अलावा, केंद्रित आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार एवं वित्त के शस्त्रीकरण और डेटा प्रवाह की पारदर्शिता को लेकर भी चिंताएं हैं।

### भारत आतंकवाद की निंदा करता है

जयशंकर ने पश्चिम एशिया, समुद्री सुरक्षा, यूक्रेन संघर्ष, हिंद-प्रशांत और संयुक्त राष्ट्र सुधारों को लेकर भी भारत के रुख का जिक्र किया। जयशंकर ने कहा कि भारत गाजा युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई का स्वागत करता है, मानवीय सहायता का समर्थन करता है, आतंकवाद की निंदा करता है और द्विराष्ट्र समाधान की वकालत करता है। उन्होंने कहा कि लेबनान में युद्ध विराम को बनाए रखना और सीरिया के नेतृत्व में, सीरिया के स्वामित्व वाले समावेशी समाधान को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है।

### तुर्किये के राष्ट्रपति का बयान स्वीकार नहीं: विदेश मंत्रालय



कश्मीर पर तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन की टिप्पणियों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम भारत के लिए ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणियों को खारिज करते हैं। हमने तुर्किये के राजदूत से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर इस तरह के अनुचित बयान अस्वीकार हैं। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां सार्क को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं मानना चाहिए। रूस-यूक्रेन युद्ध पर उन्होंने कहा कि भारत ने अपने रुख में कोई बदलाव किया है, हमारा रुख पहले जैसा है। हमारा मानना है कि इस मुद्दे को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति ही आगे का रास्ता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जारी करने की अपनी नीति की समीक्षा कर रहा है। हमारी ओर से अभी तक पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के लिए कोई औपचारिक अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि नेपाली छात्रा की दुखद मौत से हम बहुत दुखी हैं। हम अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारत सरकार देश में सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती है।

### ब्रिटेन के मंत्री अगले हफ्ते आएंगे भारत

## भारत और ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर एक बार फिर से शुरू करेंगे बातचीत



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन लंबे समय से अधर में पड़े मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ब्रिटेन के व्यापार मंत्री डगलस अलेक्जेंडर के अगले सप्ताह भारत आने और केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात कर सकते हैं।

दोनों नेता एफटीए वार्ता में तेजी लाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। एफटीए पर भारत और ब्रिटेन के बीच बातचीत लंबे समय से बंद है। इस व्यापार समझौते का उद्देश्य टैरिफ को कम करके और व्यवसायों के लिए बाजार पहुंच को आसान बनाकर दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाना है। भारत और यूके एक व्यापक व्यापार सौदे की दिशा में काम कर रहे हैं जो प्रमुख क्षेत्रों जैसे माल, सेवाओं, प्रौद्योगिकी और निवेश में आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे सकता है। अलेक्जेंडर और गोयल के बीच आगामी बातचीत में प्रमुख चिंताओं को संबोधित करने और वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए सामान्य आधार खोजने की उम्मीद है।

**दोनों देशों के पीएम ने की थी वार्ता**

ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने 2025 में यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच एफटीए वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा की। इससे पहले 22 नवंबर को, यूके-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूकेआईबीसी) के अध्यक्ष रिचर्ड हील्ड ने कहा कि भारत और यूके के बीच एफटीए में व्यवसायों और द्विपक्षीय व्यापार के लिए परिवर्तनकारी क्षमता है। उन्होंने कहा कि एफटीए दोनों देशों के बीच आवागमन को आसान बनाकर एक अंतर पैदा करेगा। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और यूनाइटेड किंगडम के पीएम महामहिम सर कीर स्टार्मर की मुलाकात के बाद ब्रिटेन ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा की। ब्रिटेन और भारत एक व्यापक और महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत जारी रखेंगे।

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए रिहर्सल



**गुवाहाटी।** असम 24 फरवरी 2025 को दुनिया का सबसे बड़ा झूमर नृत्य प्रदर्शन आयोजित करने के लिए तैयार है। यह आयोजन एडवांटेज असम 2.0 निवेश शिखर सम्मेलन के तहत होगा। यह आयोजन असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने के साथ-साथ वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने का एक प्रमुख मंच भी बनेगा। इस कार्यक्रम के लिए शुक्रवार को 7,500 से अधिक नृत्यकारों के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए रिहर्सल किया। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर की शोभा पीएम नरेंद्र मोदी बढ़ाएंगे।

### भारत और पाक के बीच फ्लैग मीटिंग

## 'एलओसी' पर संघर्ष विराम बनाए रखने पर बनी सहमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच जम्मू और कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तनाव कम करने के लिए शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग हुई। यह मीटिंग हाल ही में हुई सीमा पार गोलीबारी और आईईडी हमलों की घटनाओं के बाद आयोजित की गई थी। दोनों देशों के बीच यह बैठक लगभग 75 मिनट तक चली, जिसमें नियंत्रण रेखा पर शांति बनाए रखने और संघर्षविराम समझौते को जारी रखने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। मीटिंग में भारतीय सेना की पुंछ ब्रिगेड के कमांडर और पाकिस्तान सेना के दो ब्रिगेड कमांडर शामिल हुए। पिछले कई हफ्तों से एलओसी पर तनाव जारी था, जिसके बाद यह बैठक हुई है।



इसमें 2021 से जारी संघर्षविराम को बनाए रखने, नियंत्रण रेखा को तनाव मुक्त करने और अन्य मुद्दों पर सहमति बनी है। यह फ्लैग मीटिंग पाकिस्तान और भारत के बीच काफी समय बाद हुई है, क्योंकि इससे पहले 2021 में आखिरी बार फ्लैग मीटिंग आयोजित हुई थी। भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियां नियंत्रण रेखा की लगातार निगरानी कर रही हैं।

### जीवविज्ञानी पूर्णिमा बनीं 'टाइम वुमन ऑफ द ईयर 2025'

**न्यूयॉर्क।** भारत की जीवविज्ञानी और वन्यजीव संरक्षणकर्ता पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम मैगजीन की 'वुमन ऑफ द ईयर 2025' सूची में शामिल किया गया है। यह सूची दुनिया की उन 13 महिलाओं को सम्मानित करती है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम कर रही हैं।



पूर्णिमा देवी बर्मन इस सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय महिला हैं। उनके साथ हॉलीवुड अभिनेत्री निकोल किडमैन और फ्रांस की गिसेल पेलिकोट भी इस सूची में शामिल हैं, जिन्होंने महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई है।

### ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में अब 4 स्लॉट में विशेष दर्शन होंगे

**ओंकारेश्वर।** 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन की व्यवस्था में मंदिर प्रशासन ने बदलाव किए गए हैं। ऑनलाइन विशेष दर्शन (शीघ्र दर्शन) में स्लॉट सिस्टम लागू किया गया है। अब 4 स्लॉट में विशेष दर्शन होंगे। आधार नंबर से टाइम स्लॉट जनरेट होगा। माध्यान्ह भोग दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक दो घंटे के लिए कोई स्लॉट नही मिलेगा। दर्शन टिकट अब केवल ऑनलाइन बुक होंगे। तो वहीं शनिवार, रविवार विशेष दर्शन बुकिंग बंद रहेगी।




### ससुराल पक्ष की क्रूरता साबित करने को दहेज का आरोप जरूरी नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दहेज की मांग भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत अपराध को स्थापित करने के लिए क्रूरता पूर्व शर्त नहीं है। यह धारा 1983 में विवाहित महिलाओं को पति और ससुराल वालों की 'क्रूरता' से बचाने के लिए लागू की गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने 12 दिसंबर, 2024 को कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए का सार क्रूरता के कृत्य में निहित है और दोषी पतियों और ससुराल वालों के खिलाफ इस प्रावधान को लागू करने के लिए दहेज की मांग आवश्यक नहीं है। पीठ ने कहा, "इसलिए, दहेज की मांग से स्वतंत्र क्रूरता का कोई भी रूप, धारा 498 ए आईपीसी के प्रावधानों को आकर्षित करने और कानून के तहत अपराध को दंडनीय बनाने के लिए पर्याप्त है।

# भारत के मुंबई, कोलकाता शहरों पर मंडराया खतरा

## धरती से एस्टेरॉयड वायआर-4 के टकराने की बढ़ी संभावना

**खास बात**

22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी से टकराने की आशंका



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने एक ऐसे एस्टेरॉयड की खोज की है, जो धरती से टकरा सकता है। इसे लेकर उन्होंने चेतावनी जारी की है। इस एस्टेरॉयड को 2024 वायआर-4 नाम दिया है, जो पृथ्वी के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। एस्टेरॉयड को पहली बार 27 दिसंबर 2024 को क्षुद्रग्रह स्थलीय-प्रभाव अंतिम चेतावनी प्रणाली ने देखा था। इस एस्टेरॉयड के पृथ्वी से भी टकराने की संभावना है। वैज्ञानिकों ने 22 दिसंबर 2032 को एस्टेरॉयड 2024 वायआर-4 के पृथ्वी से टकराने की संभावना जताई है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का कहना है कि एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने के 3.1 प्रतिशत संभावना है। इसमें प्रशांत महासागर, उत्तरी दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक, अफ्रीका के कुछ क्षेत्र, अरब सागर और दक्षिण एशिया शामिल हैं। इस खतरे वाले जोन में पश्चिम के मुंबई से लेकर पूर्व में कोलकाता के मध्य आने वाले सभी शहर, ढाका, बोगोटा और लागोस जैसे अन्य शहर शामिल हैं।

### परमाणु बम से 500 गुना अधिक निकलेगी ऊर्जा

टोरिनो इम्पैक्ट हैजर्ड स्केल पर इस एस्टेरॉयड को तीन दर्जा मिला है। इसके मुताबिक, नजदीकी टक्कर हो सकती है। इससे खतरनाक बताने वाली टोरिनो स्केल शून्य से लेकर 10 तक होती है। बताया जाता है कि जिस एस्टेरॉयड के टकराने से डायनासोर खत्म हुए थे, 10 से 15 किलोमीटर चौड़ा था। वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि पृथ्वी से टक्कर के बाद इस एस्टेरॉयड से 8 मेगाटन ऊर्जा निकलेगी। यह ऊर्जा जापान के हिरोशिमा का विनाश करने वाले परमाणु बम से 500 गुना अधिक होगी।



GLOBE TOYOTA : Ambala: NH-22 Ph: 9807680680, 9729549128; Jind: Rohtak Road Ph: 9807680680, 9729549128; Kaithal: Ambala Road Ph: 9807680680, 9729549128; Karnal: G.T. Road Ph: 9807680680, 9729549128; Panipat: Tehsil Samalkha Ph: 9807680680, 9729549128; Yamunanagar: Tehsil Jagadari Ph: 9807680680, 9729549128; Gohana: Sonipat Road Ph: 8396088858, 8396088836; Naraingarh: Kala Amb Road Ph: 9729549120; Narwana: Opp. Nehru Park Bus Stand Road Ph: 9254985288; MALIK TOYOTA : Hisar: Chandigarh Road NH-65 Ph: 9996788826, 9996788829, 9996788832; Sirsa: Dabwali Road Ph: 8572888801, 8572888880, 8572888881; Fatehabad: Hisar-Sirsa Road Ph: 8572888830; Tohana: Ratia Road Ph: 9996788839; SATYAM TOYOTA : Bahadurgarh: Delhi-Rohtak Road Ph:01276-224100, 8295908030; Rohtak: Hisar Road Ph: 01262-243400, 8813088123; Bhiwani: Bhiwani-Rohtak Road Ph: 8813999573; Charkhi Dadri: Loharu Road Ph: 8813999573; Tosham: Bhiwani-Tosham Road Ph: 8813999573; Meham: Rohtak-Meham Road Ph: 8813999573; Narnaul: Singhana Road Ph: 8813999573; Jhajjar: Jhajjar-Rewari Road Ph: 8295908030; THIRTY SIX TOYOTA : Palwal: Delhi Mathura Road NH-22 Ph: 8199900186, 8199900187; Hodal: Main Market Ph: 8826600836; Hathin: Raja Ji Market Ph:7988274475; Tigaon: Bhuapur Ph: 8800790130
*Terms & conditions apply on all schemes & offers. Benefits applicable on select 2024 Models and variants only. Offer valid till 28th February, 2025. Fuel efficiency as certified by Test Agency under rule 115 of CMVR,1989 under standard Test Conditions. Acutal Mileage on Road may vary. Complimentary 3 years/1 00 000 km manufacturer warranty + 2 years extended warranty or 1.2 lakh km extended warranty (optional). Ex-showroom Price. Finance at the sole discretion of Financier. Scheme inclusive of Exchange and Corporate/Government/Exclusive Community/Extended Warranty/Other benefits. Scheme applicable on select stocks & variants. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. Accessories shown may not be part of standard equipment.

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25